राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सेहत के बारे में बहुत कुछ बताती...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 19 अप्रैल 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 118 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

### अतीक–अशरफ हत्याकांड के बाद पहली बार बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

## अब उत्तर प्रदेश में माफिया किसी को धमकी नहीं दे सकता

लखनऊ। हाल में ही प्रयागराज में माफिया से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद विपक्ष जबरदस्त तरीके से राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमलावर हुआ। विपक्ष साफ तौर पर कह रहा है कि राज्य में जंगलराज है। इस हत्याकांड को लेकर विवाद इसलिए भी हो रहा है क्योंकि पुलिस कस्टडी में रहते हुए अतीक और उसके भाई अशरफ को गोली मारी गई है। इन सबके बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस हत्याकांड के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर अपना बयान दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि अब उत्तर प्रदेश में माफिया किसी को धमकी नहीं दे सकते। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले प्रदेश में लगातार दंगे होते थे। 2012 से 17 के बीच में 700 से ज्यादा दंगे उत्तर प्रदेश में हुए। 2007 से 2012 के बीच में 364 से अधिक दंगे उत्तर प्रदेश में



हुए हैं। लेकिन 2017 से आज तक उत्तर प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ है। योगी ने साफ तौर पर कहा कि एक भी बार उत्तर प्रदेश में कर्फ्यू नहीं लगा। इसकी नौबत ही नहीं आई। उन्होंने कहा कि यह निवेश और उद्यम स्थापित करने के लिए सबसे अनुकूल अवसर होता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अब पेशेवर अपराधी माफिया किसी उद्यमी को फोन से डरा धमका नहीं सकता। उत्तर प्रदेश आज बेहतरीन कानून व्यवस्था की गारंटी देता है। उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिका पर 24 अप्रैल को सुनवाई करने के लिए मंगलवार को सहमत हो गया। अतीक और अशरफ को शनिवार रात को पत्रकार बनकर आए तीन लोगों ने उस वक्त नजदीक से गोली मार दी थी, जब वे चिकित्सा जांच के लिए प्रयागराज के एक मेडिकल कॉलेज में पुलिसकर्मियों द्वारा ले जाए जाते समय पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने मामले का, तत्काल सुनवाई के लिए उल्लेख करने वाले वकील विशाल तिवारी की दलीलों पर गौर किया।

## वरुण गांधी का विवादित भाषण वायरल

### कहा था- जो हमारी चप्पल उठाने की औकात नहीं रखते थे आज वो...

नई दिल्ली। पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी ने राजनीति में भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा है कि ष्जो हमारे चप्पल उठाने की औकात नहीं रखते थे, वे आज पांच–पांच गाड़ियों के काफिले में चल रहे हैं।ष वरुण ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र पीलीभीत के ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र में हुए जनसंवाद कार्यक्रम में राजनीति में भ्रष्टाचार की तरफ इशारा करते हुए किसी का नाम लिए बगैर यह बात कही। वरुण का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके



तरह–तरह के अर्थ निकले जा रहे हैं। हम आपको बता दें कि काफी समय से अपनी ही पार्टी की केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर हमलावर रहे भाजपा सांसद वरुण गांधी ने भ्रष्टाचार को लेकर एक बार फिर सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा, ष्आज आप जब थाने जाते हैं तो रिश्वत देनी पड़ती है। पेंशन, कमरा, आवास लेने के लिए पैसे देने पड़ रहे हैं। यह जो पाप है, ये जो भ्रष्टाचार का समय चल रहा है, आपको क्या लगता है कि यह आपकी गलतियों की वजह से नहीं हो रहा है।'' उन्होंने कहा, ष्जब भी चुनाव आता है तो लोग जाति–धर्म के आधार पर वोट देते हैं। लोग यह नहीं सोचते कि किसी अच्छे इंसान को जिताएं।श उन्होंने कहा कि लोग यह नहीं सोचते कि कट्टर ईमानदार को जिताएं। लोग यह सोचते हैं कि यह प्रत्याशी सहध् ार्मी है इसलिए इसके साथ चलो।ष

## कोरोना वायरसः रणदीप गुलेरिया बोले– पैनिक स्थिति नहीं, लेकिन सावधानी बरतने की जरूरत

नई दिल्ली। देश भर में कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि ने एक बार फिर से सभी को चिंता में डाल दिया है। इसके साथ ही लोगों ने अब सावधानियां भी बरतनी शुरू कर दी है। वहीं, एम्स के पूर्व निदेशक, डॉ रणदीप गुलेरिया ने बुनियादी बातों पर वापस जाने की सलाह दी। उन्होंने लोगों को खराब वेंटिलेशन वाले इनडोर स्थानों और भीड़–भाड़ वाले सार्वजनिक क्षेत्रों में मास्क लगाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि कोविड–19 के मामले बढ़े हैं, लेकिन अस्पताल में दाखिले नहीं बढ़े हैं। यह पैनिक की स्थिति नहीं है। उच्च जोखिम वाले समूहों और बुजुर्गों को अतिरिक्त सावध् ाानी बरतने की जरूरत है। रणदीप गुलेरिया ने कहा ने कहा कि हम पहले ही देख चुके हैं कि जहां तक घ्कोविड का संबंध है, गंभीर संक्रमण होने के मामले में वयस्कों की तुलना में बच्चे कुल मिलाकर थोड़े अधि



क सुरक्षित हैं। हालांकि, उन्होंने कोविड–उपयुक्त व्यवहार की सलाह दी, जिसका पालन महामारी की शुरुआत के बाद से किया जा रहा था, जिसमें हाथ की स्वच्छता और थर्मल स्कैनिंग शामिल है। टीके के सवाल पर गुलेरिया ने कहा भारत में मौजूदा समय में जो टीके लगाए जा रहे हैं, वे वायरस के मूल वुहान स्वरूप के खिलाफ कारगर हैं। इसके बाद वायरस के कई स्वरूप आए। लिहाजा हमें एक नए टीके की आवश्यकता है, जो वायरस के मौजूदा स्वरूपों पर कारगर हो, जैसा कि हम इन्फ्लुएंजा के मामलों में करते हैं। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 7,633 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,48,34,859 हो गई। वहीं देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 61,233 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से दिल्ली में चार और हरियाणा, कर्नाटक तथा पंजाब में एक–एक मरीज की मौत के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 5,31,152 हो गई।

## कर्नाटक सरकार ने मुस्लिमों के 4 फीसदी आरक्षण को किया खत्म, इन दोनों समुदायों को होगा फायदा

बंगलुरु। कर्नाटक सरकार



ने अल्पसंख्यकों के लिए चार फीसदी आरक्षण खत्म करने का फैसला किया। बता दें कि अब अल्पसंख्यकों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के तहत लाया जाएगा। कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई ने जानकारी देते हुए बताया कि अल्पसंख्यकों के लिए चार फीसदी आरक्षण को अन्य के बीच समान रूप से बांटा जाएगा। इस चार फीसदी आरक्षण को राज्य में वोक्कालिगा और लिंगायत समुदाय के मौजूदा आरक्षण में जोड़ा जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को लगाई फटकारः इस मामले पर बवाल बढ़ने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने बोम्मई सरकार को फटकार लगाई है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने पर अदालत ने कहा कि यह फैसला भ्रामक अनुमानों पर आधारित है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला लेने की प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण और अस्थिर बताया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इस फैसले पर 18 अप्रैल तक रोक लगी रहेगी।

### फैसले को बताया गया चुनावी दांव

हालांकि इस फैसले पर जमकर विवाद हुआ। ऐसे में इस फैसले को चुनावी दांव बताया जाने लगा। सरकार द्वारा लिए गए इस फैसले के बाद राज्य में लिंगायत आरक्षण को 5 फीसदी से बढ़ाकर 7 फीसदी किया जाएगा। वहीं वोक्कालिगा समुदाय के लिए आरक्षण को बढ़ाकर 6 फीसदी किया जाएगा। राज्य सरकार को इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट से फटकार भी लगी है। लेकिन सरकार का कहना है कि धार्मिक आधार पर अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण का संवैधानिक प्रावधान नहीं है।

### मुस्लिम कोटा खत्म होने पर बवाल

मुस्लिम कोटे को खत्म कर जब राज्य सरकार ने लिंगायत और वोक्कालिगा को जगह दी तो इस पर बवाल बढ़ गया है। सीएम ने घोषणा करते हुए बताया था कि मुसलमानों को 10 फीसदी ईडब्ल्यूएस कोटा पूल में बदला जाएगा। मुस्लिम श्रेणी 2 बी के तहत आते हैं। हालांकि सरकार द्वारा किए गए इस फेरबदल के बाद अब मुस्लिम समुदाय के लोगों को ** कोटे से मुकाबला करना होगा। ** कोटे में ब्राह्मण, वैश्य, मुदलियार, जैन और अन्य शामिल हैं।

## अजित के बीजेपी में जाने की अटकलों को शरद पवार ने किया खारिज, बोले– यह सारी बातें सिर्फ मीडिया में हैं

मुंबई। शरद पवार के भतीजे अजित पवार को लेकर अटकलो का दौर लगातार जारी है। दावा किया जा रहा है कि अजीत पवार भाजपा में शामिल हो सकते है। इसी को लेकर अब शरद पवार की प्रतिक्रिया आई है। शरद पवार ने साफ तौर पर कहा कि अजित पवार चुनाव संबंधी कामों में व्यस्त हैं। यह सारी बातें सिर्फ मीडिया में हैं। राकांपा के राज्य अध्यक्ष जयंत पाटिल ने सोमवार को विपक्ष के नेता अजित पवार के भाजपा में शामिल होने की संभावना से इनकार किया था। उन्होंने कहा कि पाटिल ने कहा, ष्मुझे नहीं लगता कि अजीत पवार भाजपा में शामिल होंगे, ऐसी खबरों में बिल्कुल भी दम नहीं है। जयंत पाटिल ने आगे कहा कि नागपुर में



एमवीए की रैली के दौरान, मैं और अजित पवार एक साथ थे। मेरी राय में, अभी शिंदे–फडणवीस सरकार के पास पर्याप्त बहुमत है, उन्हें सरकार की स्थिरता के लिए अधिक विधायकों की आवश्यकता नहीं है। सोमवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (छब्च्) और बीजेपी के बीच संभावित गठबंधन की खबरों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि श्राजनीति में चर्चाएं होती रहती हैं और कुछ खबरों का मजा लेना चाहिए। कयास लगाए जा रहे हैं कि एनसीपी नेता अजीत पवार सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के साथ निकट संपर्क में हैं। राकांपा नेता अजीत पवार द्वारा अचानक पुणे में एक कार्यक्रम को रद्द किया जाना, महाराष्ट्र से भाजपा के दो शीर्ष नेताओं के दिल्ली आना, राज्य में विपक्ष के नेता की योजनाओं के बारे में नई अटकलों को हवा दे रहा है। जबकि शिवसेना (यूबीटी) ने एक बार फिर सहयोगी एनसीपी में विभाजन की किसी भी संभावना से इनकार किया। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सेना ने कहा कि अगर अजीत पवार भाजपा के साथ हाथ मिलाते हैं, तो इससे राज्य सरकार मजबूत होगी।

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, दो गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मंगलवार को एक नक्सली को मार गिराया तथा दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि जिले के नैमेड थाना क्षेत्र में



कचलावारी गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया तथा दो नक्सलियों को पकड़ लिया है। उन्होंने बताया कि नैमेड़ थाना क्षेत्र में भैरमगढ़ एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर रेडडी गांव स्थित शिविर से डीआरजी के दल को गश्त पर रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि दल जब आज सुबह लगभग आठ बजे कचलावारी गांव के जंगल में था तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उनके अनुसार सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की तथा कुछ देर तक दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी होने के बाद नक्सली वहां से भाग गए। वार्ष्णेय ने बताया पुलिस और नक्सलियों की बीच मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को पकड़ लिया जबकि घटनास्थल से एक नक्सली का शव बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार एक नक्सली घायल है उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

## टिकट नहीं मिलने से नाराज दो बीजेपी नेताओं ने खाया जहर, एक की मौत, दूसरा अस्पताल में भर्ती

उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर राजनीति लगातार जारी है। हालंकि, चिकट नहीं मिलने से कई नेता नाराज भी हो रहे हैं। इन सब के बीच खबर यह है कि यूपी निकाय चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर 55 वर्षीय बीजेपी कार्यकर्ता ने रविवार को जहर खाकर जान देने की कोशिश की। इसका नाम मुकेश सक्सेना बताया जा रहा। वहीं, मुजफ्फरनगर से सटे शामली जिले में कांधला नगर पालिका अध्ध्यक्ष पद का टिकट नहीं मिलने से क्षुब्ध्ध भाजपा के एक नेता दीपक सैनी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सैनी के परिजन के मुताबिक उसने भाजपा से नगर पालिका अध्ध्यक्ष पद के लिये टिकट मांगा था। परिवार ने बताया कि टिकट नहीं मिलने से क्षुब्ध्ध होकर उसने जहर खा लिया। परिजनों ने बताया कि इस घटना के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्ध्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस सिलसिले में मामला दर्ज कर आवश्ध्यक कार्यवाही की है। अमरोहा में नगर महासचिव मुकेश सक्सेना 4 मई को मंडी चौब क्षेत्र के वार्ड 27 से होने वाले निकाय चुनाव के लिए महीनों से पैरवी कर रहे थे, लेकिन उनका नाम शॉर्टलिस्ट नहीं किया गया और टिकट किसी और को दे दिया गया।




## समलैंगिक विवाह : सीजेआई ने कहा– 5 सालों में काफी चीजें बदल गई, पुरुष और महिला की पूर्ण अवधारणा जैसी कोई चीज नहीं है

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच–न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं के एक बैच की सुनवाई शुरू कर दी है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम में कोई कानूनी कमी नहीं है और सवाल सामाजिक–कानूनी मंजूरी देने का नहीं है। उन्होंने अदालत को अवगत कराया कि यह स्पष्ट किया गया है कि कोई भी ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के साथ भेदभाव नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर के लिए आरक्षण के प्रावधान हैं। जिस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जैविक पुरुष और महिला की पूर्ण अवधारणा जैसी कोई चीज नहीं है। एसजी ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने वाली याचिका पर प्रारंभिक आपत्ति जताते हुए केंद्र की याचिका पर पहले विचार करने की बात दोहराई। याचिकाकर्ता



विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के प्रावधानों को ष्पुरुष और महिलाष् की बजाय ष्पति–पत्नीष् के बीच विवाह के रूप में पढ़ने की मांग कर रहे हैं। इस बीच, सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अदालत को पहले संबोधित करने की आवश्यकता है। तुषार मेहता ने कहा कि क्या संसद के बजाय नए सामाजिक–कानूनी संबंध बनाने के लिए न्यायपालिका सही मंच है। मैं बस इतना कह रहा हूं कि संसद को इस पर विचार करने दें। संसदीय समितियां इन मुद्दों पर विचार करेंगी। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने संसदीय समितियों के साथ व्यापक रूप से काम किया है। आपके तर्कों का हम पर पड़ने वाले प्रभाव को कम मत समझिए। हम बीच का रास्ता निकालना चाहते हैं।

याचिकाकर्ता की ओर से मुकुल रोहतगी ने अपनी दलील 377 को अपराध के दायरे से बाहर किए जाने के मुद्दे के साथ शुरू की। उन्होंने कहा कि समलैंगिकों को गरिमापूर्ण जीवन जीने के अधिकार, निजता का सम्मान और अपनी इच्छा से जीवन जीने का अधिकार मिलना चाहिए। घरेलू हिंसा और परिवार और विरासत को लेकर भी कोर्ट की गाइड लाइन साफ है। हमें ये घोषमा कर देनी चाहिए ताकि समाज और सरकार इस तरह के विवाह को मान्यता दें।

# ईद व नगर निकाय चुनाव को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। आगामी आने वाली ईद व नगर निकाय चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कटरा बाजार थाना परिसर में उप जिलाधिकारी कर्नलगंज हीरालाल व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज नवीना शुक्ला की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित क्षेत्र के ग्राम प्रधानों,जिलापंचायत सदस्य, सभासद व हिंदू–मुस्लिम समुदाय से जुड़े संभ्रांत नागरिकों को संबोधित करते हुए उप जिलाअधिकारी ने कहा कि आपसी भाईचारे एवं सौहार्द पूर्वक त्यौहार मनाएं। त्योहारों में एक दूसरे के समुदाय के प्रति मन में किसी प्रकार की कटुता ना लाएं।आगामी त्यौहार में किसी प्रकार से माहौल बिगड़ने की संभावना हो तो बेहिचक संबंधित थाने पर सूचित करें,समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा जिससे किसी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो। क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज नवीना शुक्ला ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार के अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते हैं तो उसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें।सूचना देने देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।यदि किसी ने माहौल बिगाड़ने का प्रयत्न किया तो माहौल बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ईद व नगर निकाय चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है,सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रात्रि गश्त के साथ ही समूचे क्षेत्र में पुलिस की बिल्कुल पैनी नजर बनी हुई है। अराजक तत्व अथवा अपराधी कितने ही शातिर क्यों न हों पुलिस की गिरफ्त से बच नहीं पाएंगे। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कर्नलगंज हीरालाल,क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज नवीना शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय,अपराध निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह,उपनिरीक्षक सावन सिंह, नीरज कुमार सहित सभी महिला व पुरुष आरक्षी मौजूद रहे।



# गुमशुदा मंदबुद्धि बालक को उसके परिजनों से मिलाया

## परिजनों नें खुशी जाहिर करते हुए जताया आभार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोण्डा। आगामी त्यौहार रमजान व नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत पुलिस आकाश तोमर द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखनें हेतु प्रभावी पैदल गस्त करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षो को दिये थे। उक्त आदेश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार मनोज कुमार राय के कुशल निर्देशन में हेड कांस्टेबल मृत्युंजय गुप्ता चौकी माधवपुर सोमवार को चौकी माधवपुर क्षेत्र में पैदल गस्तध्क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक गुमशुदा व्यक्ति इधर उधर घूमता दिखाई पड़ा। जिससे पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम सूरज कुमार निवासी संतकबीरनगर बताया जो करीब 1 हफ्ता पहले बिना बताये अपने घर से चला आया था। यूपी पुलिस के सी–प्लान एपलिकेशन की मदद से उस व्यक्ति के सम्बन्ध में जानकारी किया गया तो वह ग्राम साखी पोस्ट रेवटा थाना महुली जनपद संतकबीरनगर के निवासी होने की जानकारी मिली। सी प्लान ऐपलिकेशन के माध्यम से ग्राम प्रधान व उनके पिता को सूचना दी गयी थी। सूचना पाकर मंगलवार को गुमशुदा सुरज को उसकी बहन मीना देवी पत्नी आशुतोष कुमार निवासी नोकटा थाना महूली जनपद संतकबीरनगर को अन्य संभ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में सुपुर्दगी में दिया गया। अपने भाई को सकुशल पाकर उनकी बहन नें खुशी जाहिर करते हुए पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल मृत्युंजय गुप्ता,कांस्टेबल दिनेश चौहान,अभिषेक प्रजापति,कांस्टेबल नंदलाल गौण आदि रहे।



# गेहूं खरीद शुरू होने के 18 दिन बाद भी राजकीय गेहूं क्रय केंद्र उतरौला पर सन्नाटा पसरा रहा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला/बलरामपुर।किसानों को दरवाजे पर ही सरकारी मूल्य से अधिक मिलने पर वे केंद्रों पर गेहूं बेचने से परहेज कर रहे हैं।हालाकि क्रय केंद्र प्रभारी किसानों से संपर्क कर रहे हैं और गेहूं लाने को प्रेरित कर रहे हैं। समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं की खरीद कर पाना क्रय एजेंसियों के लिए इस वर्ष काफी चुनौती भरा साबित हो रहा है। अब तक तो किसानों के गेहूं की फसल कटकर घर पहुंचने का इंतजार क्रय केंद्र के अधिकारी कर रहे थे,पर अब बाजार में गेहूं के दाम तय सरकारी समर्थन मूल्य के करीब पहुंच जाने के बाद किसानों ने अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचने के स्थान पर बाजार में बेचना फायदे का सौदा मानकर बाजार का रूख कर रहे हैं।क्रय केंद्रों पर आवक न होने के कारण कर्मचारी पूरे दिन किसानों का इंतजार ही कर रहे हैं। एक अप्रैल से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद प्रारम्भ हुई है लगभग एक सप्ताह तक क्रय केंद्रों पर आवक न होने के कारण खरीद ठप रही।इस बीच यह माना जा रहा था कि अभी खेतों से गेहूं कटने के बाद लगभग 15 अप्रैल से गेहूं की पूरी तरह से आवक प्रारंभ हो जाएगी।क्रय एजेंसियों की सोच अब फेल होती दिखाई देने लगी है। सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं 2125 रूपए प्रति कुंतल खरीदा जा रहा है। गेहूं यदि पतला है तो उसमें आठ से 18प्रतिशत तक कटौती की जा रही है जबकि किसान जब व्यापारियों को अपना गेहूं बेच रहा है तो वहीं गेहूं 2110 से 2115 रूपए प्रति कुंतल बिक रहा है। क्षेत्र के बड़े किसानों का कहना है कि जब घर से व्यापारी गेहूं खरीद रहा है तो सरकारी क्रय केंद्र पर वाहन भाड़ा व कटौती देकर बेचना कहां की बुद्धिमानी है। एक अप्रैल से अब तक हुई गेहूं की खरीद। एक अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद शुरू हुई है जिले को 42000 एमटी गेहूं की खरीद का लक्ष्य दिया गया है खरीद प्रारम्भ होने के 18दिन बाद अब तक उतरौला क्रय कैंद्र पर बहुनी नहीं हुई है क्रय केंद्र प्रभारी निरंकार सिंह ने बताया कि बाढ़ के चलते एक माह गेहूं की बुआई पिछड़ गई थी जिसके चलते पैदावार पर भी असर पड़ा है।वहीं बाजार का भाव भी लगभग 2000से 2100 रूपए प्रति कुंतल होने के कारण सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद प्रभावित हुआ है।


**कार्यालय : ग्राम पंचायत–कटसरैया खुर्द**
**विकास खण्ड–मिठवल ,जनपद–सिद्धार्थनगर**

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 18.04.2023 को अपराह्न 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 18.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **कटसरैया खुर्द** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी। **नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **कटसरैया खुर्द** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **कटसरैया खुर्द** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14. सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **कटसरैया खुर्द** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**श्रमती रंजू मिश्र**
**ग्रा0पं0–कटसरैया खुर्द**
**वि0 खंड–मिठवल**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

**सचिव**
**धीरज सोनकर**
**ग्रा0पं0–कटसरैया खुर्द**
**वि0 खंड–मिठवल**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

**कार्यालय : ग्राम पंचायत–पिपरा भईया**
**विकास खण्ड–मिठवल ,जनपद–सिद्धार्थनगर**

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 18.04.2023 को अपराह्न 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 18.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **पिपरा भईया** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **पिपरा भईया**के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **पिपरा भईया** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **पिपरा भईया** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**गुड़िया देवी**
**ग्राम पं0–पिपरा भईया**
**वि0 खंड–मिठवल**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

**सचिव**
**धीरज सोनकर**
**ग्राम पंचायत–पिपरा भईया**
**वि0 खंड–मिठवल**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

**कार्यालय : ग्राम पंचायत–जोगिया जुडीकुइया**
**विकास खण्ड–साल्टौवा गोपालपुर ,जनपद–बस्ती**

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 20.04.2023 को अपराह्न 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 20.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **जोगिया जुडीकुइया** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **जोगिया जुडीकुइया** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **जोगिया जुडीकुइया** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **जोगिया जुडीकुइया** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**पुष्पा देवी**
**ग्रा0पं0–जोगिया जुडीकुइया**
**वि0 खंड–सल्टौवा गोपालपुर**
**जनपद–बस्ती**

**सचिव**
**शिवशंकर यादव**
**ग्रा0पं0–जोगिया जुडीकुइया**
**वि0 खंड–सल्टौवा गोपालपुर**
**जनपद–बस्ती**


## सपा के भावी चेयरमैन पद के प्रत्याशी रमेश निषाद ने खरीदा नामांकन पत्र

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संत कबीर नगर ।नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशी



अपनी भाग आजमा रहे हैं इसी दौरान मेहदावल के सपा के प्रबल दावेदार भावी प्रत्याशी रमेश निषाद ने आज नामांकन पर्चा खरीदा है अब देखने की बात है कि सपा किस कैंडिडेट को अपना उम्मीदवार घोषित करता है। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 के अन्तर्गत नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री व नामांकन के दूसरे दिन मेहदावल तहसील क्षेत्र के तीनों नगर पंचायतों में हुई नामांकन पत्र की बिक्री इसी क्रम में नगर पंचायत मेंहदावल में अध्यक्ष पद हेतु कुल 15 नामांकन पत्र क्रय किये गये, जबकि सदस्य पद हेतु कुल 123 नामांकन पत्र क्रय किये गये। नगर पंचायत बेलहर कला में अध्यक्ष पद हेतु 11 नामांकन पत्र क्रय किया गया, जबकि सदस्य पद हेतु कुल 64 नामांकन पत्र क्रय किये गये। नगर पंचायत धर्मसिंहवा में अध्यक्ष पद हेतु कुल 16 नामांकन पत्र क्रय किये गये, जबकि सदस्य पद हेतु कुल 69 नामांकन पत्र क्रय किये गये।

## चुनाव लड़ रही सुमित्रा देवी पुत्र युवा नेता राहुल निषाद ने पर्चा खरीदा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। निकाय चुनाव को लेकर चल रहे दूसरे चरण के



नामांकन प्रक्रिया मे मंगलवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से नगर पंचायत गणेशपुर से चुनाव लड़ रही सुमित्रा देवी का पर्चा राहुल निषाद ने खरीदा इस दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहे पत्रकारों से बातचीत करते हुए राहुल निषाद ने कहा कि जनता पर मुझे पूर्ण विश्वास और उनका समर्थन मिल रहा है निश्चय ही सफलता मिलेगी।

## ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बभनान ,गोंडा। मसकनवा गायत्री मंदिर विश्नोहरपुर गांव के पास एक 35 वर्षीय युवक अज्ञात ट्रेन से गिरकर गभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों की मदद से 108 एम्बुलेंस से सीएससी मनकापुर पहुंचाया गया जहां पर घायल युवक का इलाज जारी है। मसकनवा चौकी प्रभारी बृजेश गुप्ता ने बताया कि घायल युवक की पहचान मन्नार पुत्र रामधनी निवासी गोदानी बसाही जनपद बहराइच के रूप में हुई है। शांति व्यवस्था कायम है घायल युवक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।



# उत्तर प्रदेश पंचायत सहायक संघ ने डीपीआरओ से की मुलाकात

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आज विकास भवन सभागर सभागार में पंचायत सहायक संघ सिद्धार्थनगर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत सहायक आंखों से जुड़ी समस्याओं को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। तथा उसका निस्तारण कैसे किया जाए इस पर विचार विमर्श किया गया। बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा की अध यक्षता में किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह तथा राजेश श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद सिद्धार्थनगर उपस्थित रहे। बैठक में पंचायत सहायकों से जुड़े समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा इसको किस तरह निस्तारण किया जा सके इस पर बात हुई। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह के अनुसार सर्वप्रथम पंचायत सहायकों को एक मत से कार्य करना होगा। संगठन को मजबूत बनाने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों के साथ होने वाले गलत बिहार व्यवहार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक समाप्त होने के उपरांत उत्तर प्रदेश पंचायत सहायक संघ सिद्धार्थनगर के समस्त पदाधिकारीयों ने डी0पी0आर0ओ0 से मुलाकात की। उक्त समय पर प्रवीण पाण्डेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश पञ्चायत सहायक संघ सिद्धार्थनगर,गौरी शंकर राय कार्यकारी जिलाध्यक्ष ,अशोक कुमार,अजय कुमार उपाध्यक्ष,विनय कुमार संगठन मंत्री,शिवांगी मिश्रा संगठन मंत्री ,आराध्या पांडेय प्रवक्ता,महेन्द्र कुमार भारती, गायत्री कश्यप संगठन मंत्री, विवेक दूबे और राकेश विश्वास पंचायत सहायक उपस्थित रहे।



# डंठल जलने से लगी आग,मुर्गा फर्म,गुमटी,सहित घर जला

दैनिक बुद्ध का सन्देश

कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर। थाना चिल्हिया अन्तर्गत रिसालतपुर परैया गांव के सीवान में डंठल जलने से एक मुर्ग फर्म,गुमटी की दुकान,के साथ एक घर जल कर राख हो गया। घर में रखे बीस हजार रूपये नगदी सहित राशन, कपड़े जले, फर्म में पाले जा रहे लगभग एक हजार पाच सौ चूजे जल कर मर गए है। रिसालतपुर गांव निवासी ताहिर बगीचे में फर्म बनाकर चूजे पाल अपनी जीविका चला रहा था। जंगल की तरफ से आग जलती हुई तेज हवाओं के साथ गांव के समीप पहुंच गई, आग देख ग्रामीण बगीचे की तरफ दौड़े जब तक आग लग गई जिससे इस्लाम तेली का घर चपेट में आ गया,और उसका बीस हजार रुपया सहित रखी सामग्री जल कर राख हो गई। वहीं गांव निवासी रमजान सड़क किनारे गुमटी में दुकान चला रहा था। आग की चपेट में आने से गुमटी जल गई। सूचना पर थाना चिल्हिया प्रभारी शिवधारी सिंह जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर लेखपाल के माध्यम नुकसान का आंकड़ा एकत्रित करा शासन से लाभ दिलवाने की बात कही।इस दौरान ग्रामीण आग पर काबू कर गांव में बढ़ने से रोक लिया।





# आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर किया निरीक्षण

दैनिक बुध्द्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को





सकुशल, निष्पक्ष, स्वतन्त्र एवं भयमुक्तवातावरण में सम्पन्न कराये जाने के लिए नामांकन हो रहे तहसील नौगढ़ का आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती योगेश्वर राम मिश्र द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारीध जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती योगेश्वर राम मिश्र ने उपजिलाधिकारी नौगढ़ को निर्देश दिया कि शांतिपूर्ण नामांकन कार्य पूर्ण कराये। किसी भी प्रकार की समस्या न हो। कोविड–19 प्रोटोकाल का पालन कराये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, प्रदीप कुमार यादव तथा अन्य संबंधि त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# सदर नगर पालिका में गुड्डू त्रिपाठी और राकेश दत्त त्रिपाठी पर्चा खरीद कर पुनः चर्चा में आए

## पहले दिन 11 निकायों में अध्यक्ष पद के 96, सभासद के 759 पर्चे बिके

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। मंगलवार तक नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर में गुड्डू त्रिपाठी और राकेश दत्त त्रिपाठी अध्यक्ष पद के दावेदार के रूप में पर्चा खरीदते पुनः चर्चा में आ गए हैं आपको बता दें कि टिकट ना मिलने के नाते कहीं कैंडिडेट असमंजस में है कि निर्दलीय लड़े या पार्टी का इंतजार करें आपको बता दें कि नगर निकाय चुनाव नामाकन प्रक्रिया के पहले दिन जिले के कुल 11 नगर निकायों अध्यक्ष पद के लिए कुल 96 तथा सभासद पद के लिए 759 पर्चे खरीदे गए। बाजार से निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीता यादव व सुषमा लोधी ने पर्चा खरीदा। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर से भाजपा नेता सचिंद्र नाथ उर्फ गुड्डु त्रिपाठी, कन्हैया लाल वर्मा, विपुल द्विवेदी, ष्ण नाथ ने पर्चा खरीदा। जबकि नगर पालिका परिषद बासी में अध्यक्ष पद के लिए 3 तथा सभासद पद के लिए 144 पर्चा बिका। नगर पंचायत 12 तथा सभासद पद के लिए 88, नगर पद के लिए 16 तथा सभासद पद के लिए 45, नगर पंचायत डुमरियागंज में अध्यक्ष पद के 12, सभासद पद के 65, नगर पंचायत भारत भारी में अध्यक्ष पद के 4, सदस्य पद के 35, नगर पंचायत बढ़नी चाफा में अध्यक्ष पद के 1, सभासद के नौगढ़ तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले तीनो निकाय नगर पालिका नगर, नगर पंचायत उसका बाजार होगा।

नामंकन प्रक्रिया को सकुशल व शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए नामंकन प्रक्रिया के पहले दिन नगर पंचायत कपिलवस्तु से अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित तारा देवी पत्नी राजकुमार, दुर्गावती पत्नी विश्राम, 38, नगर पंचायत विषकोहर में अध्यक्ष पद आरती पत्नी शिव कुमार, सोनू देवी, पुष्पा, के 15 तथा सभासद के 42 एवं नगर पंचायत पाची सहित 6 प्रत्याशियों ने 11 सेट में परचा इटवा में अध्यक्ष पद के 12 तथा सदस्य पद खरीदा। इसी प्रकार नगर पंचायत उसका के लिए 71 पर्चे खरीदे गए। परिषद सिद्धार्थ अध्यक्ष पद के लिए भाजपा नेता शोहरतगढ़ में पंचायत गुड्डू त्रिपाठी, तारा देवी ने खरीदा अध्यक्ष पद के लिए कपिलवस्तु व नगर पर्चा का पर्चा दाखिल नौगढ़ नामांकन प्रक्रिया को सकुशल पंचायत बढ़नी तहसील में सम्पन्न कराने के लिए जिला बाजार में अध्यक्ष प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के किये गए है पुख्ता इंतजाम है।

# सपा ने फिर जताया पुनीता यादव पर भरोसा



दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। नगर निकाय चुनाव में सपा ने फिर एक भरोसा जताया है मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष लाल जी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है जिसमे एक बार फिर वर्तमान चेयरमैन पुनीता यादव को टिकट देकर भरोसा जताई है । वही नगर निकाय चुनाव में सरगर्मी बढ़ गई है नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ साथ चुनाव बहुत जी रोचक दिखाई दे रहा है। सूत्र के माने तो भाजपा, कांग्रेस और बीएसपी कभी भी उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर सकती है।वर्ष 2017 के चुनाव में 11 प्रत्याशियों ने चुनाव लडा था। इस बार के चुनाव में आधा दर्जन के करीब चुनाव लडने वाले प्रत्याशी चर्चा में है। राजनैतिक जानकारों का कहना है कि इस बार अध्यक्ष पद के लिए चुनाव काफी रोचक एवम दिलचस्प होगा। वार्डो में वार्ड मेंबर के लिए प्रत्याशी पूरे जोश, खरोश से लगे है।

# स्कूल चलो अभियान एवं दस्तक अभियान में बच्चों ने किया प्रतिभाग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज न्याय पंचायत भानपुर रानी के प्राथमिक विद्यालय दतरंगवा में स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली में ग्राम प्रध ाान राकेश ने उपस्थित लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सभी लोग बीमारी से बचाव के लिए अपने आसपास की जगह को साफ सुथरा रखें। उन्होंने यह भी कहा कि जिन बच्चों का नाम विद्यालय में नहीं लिखा है और वह 5 वर्ष से ऊपर के बच्चे हैं। उनके अभिभावक बच्चे का नामांकन करा ले। इस मौके पर नोडल शिक्षक राकेश वर्मा ने भी कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की सफलता को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। इस मौके पर हेड मास्टर संजय मिश्रा, अतुल कुमार, राकेश, सलमा खातून, दिनेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



# शिक्षक संकुल की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

## तय समय में अपने विद्यालय को निपुण करे संकुल संदीप कुमार डी सी प्रशिक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ०प्र० के आदेशानुसार प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया जाना है। उक्त आदेश के क्रम में जोगिया ब्लॉक के सभी न्याय पंचायत में संकुल स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन हुआ। टडिया न्याय पंचायत के प्रा वि केवटलिया में ब्लॉक समन्वयक प्रशिक्षण संदीप कुमार की अध यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि निपुण लक्ष्य के अनुसार सभी कक्षाओं में शिक्षण कार्य हो तथा सभी संकुल तय समय सीमा में अपने विद्यालय को निपुण बनाएं। एजेंडा के अनुसार बैठक में संकुल द्वारा संकुल बैठक के विभिन्न उद्देश्य के बारे में बताया गया। तथा टी०एल०एम० आधारित गणित शिक्षण पद्धति का प्रदर्शन किया गया जो बहुत ही सराहनीय रहा। बैठक में ए आर पी प्रमोद त्रिपाठी व देवेंद्र त्रिपाठी के द्वारा निपुण भारत मिशन ,स्कूल रेडिनेश कार्यक्रम, आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका के अनुरूप शिक्षण, कक्षा 4 व 5 में बेसिक एवं एडवांस स्तर में बच्चों को बांटकर शिक्षण,शारदा व समर्थ एप पर बच्चों की उपस्थिति, निपुण एप से बच्चों का आकलन व फीडिंग, निपुण बच्चों के नाम सूचना पट्ट पर दर्शाना, गणित किट का प्रयोग,दीक्षा एप का प्रयोग,टाइम आफ मोशन का प्रयोग, आदि पर चर्चा की गई। बैठक में नोडल संकुल धर्मेंद्र श्रीवास्तव संकुल विजय कुमार , लालजी पांडेय साधना अवस्थी , नेहा दीक्षित, रमापति त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।





# 1 से 8 तक के विद्यालय अब 12:30 तक ही खुलेंगे



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। अत्यधिक धूप और लू को देखते हुए जिला अधिकारी संजीव रंजन ने जनपद के सभी प्रकार के कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों को 7.30 से 12:30 तक कि खोलने का निर्देश दिया है आपको बता दें कि इस समय जनपद में अत्यधिक धूप और लू के थपेड़े लगातार चल रहे हैं जिसके नाते आए दिन बच्चों की तबीयत खराब हो रही थी। शिक्षक संगठनों के आग्रह पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडे को निर्देशित करते हुए जनपद में चल रहे सभी प्रकार के प्राइमरी स्कूलों को सुबह 7:30 से 12:30 तक ही खोलने का निर्देश दिया है यदि कोई विद्यालय आदेश को नहीं मानता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश भी दिया है।

# सभासद पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशियों ने 123 पर्चा खरीदा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। मेहदावल नगर पंचायत अध्यक्ष सभासद पद



का चुनाव लड़ने के लिए दावेदारों ने नामांकन स्थल पर पहुंचकर नामांकन पत्रों की खरीदारी की इसी कड़ी में मेहदावल नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 15 नामांकन पत्र खरीदे गए जबकि सभासद पद के लिए 123 नामांकन पत्र खरीदे गए इसी दौराननिवर्तमान सभासद राधेश्याम निषाद एडवोकेट ,समाजसेवी अनुराग त्रिपाठी, कमलेश निषाद, सुनील गुप्ता, सोमनाथ प्रजापति, बृजेश मौर्य निवर्तमान सभासद, समाजसेवी रामू जयसवाल, मनजीत मौर्य ,जितेंद्र चौबे यादि लोगों ने पर्चा खरीदा।

# डीएम व एसपी द्वारा तहसील धनघटा में पहुँचकर नामांकन प्रक्रिया व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। जिला नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 के तहत जनपद



मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधि ाकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा में चल रही नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत तहसील ध ानघटा में चल रही नामांकन प्रक्रिया व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धि ात को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अधिकारीद्वय द्वारा बताया गया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजात किए गए है तथा पुलिस बल का किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु रिजर्व किया गया है यदि किसी के भी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में खलल डालने का प्रयास किया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।इस अवसर पर उप जिलाधि ाकारी धनघटा डा0 रवीन्द्र कुमार, तहसीलदार ध ानघटा रत्नेश, क्षेत्राधिकारी धनघटा बृजेश सिंह, निरीक्षक अपराध थाना ध ानघटा जुबेर अली सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# लोटन पुलिस ने किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

लोटन,सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र लोटन के अंतर्गत पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत गदमहरवा में पहुंचकर सुरक्षा दृ ष्टिगत देखते हुए गांव के लोगो को मंगलवार को जागरूक किया गया ।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद और सदर क्षेत्राधि ाकारी अखिलेश वर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में जागरूक किया गया एडीजी द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सुरदर्शन के संबंध में मीटिंग की गई जिसमे गांव के संभ्रांत व्यक्ति गांव , ग्राम प्रधान , रिटायर्ड पेंशनर व ग्राम प्रहरी की मौजूदगी में मीटिंग की गई । गांव के लोगो को नशे से पीड़ित व्यक्तियों को मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक रूप से समझाया गया और बताया गया कि नशा का सेवन न करे और न करने दे तथा नशे की प्रवृति को हतोत्साहित करने का प्रबल सामाजिक प्रयास किया गया तत्पश्चात साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में जागरूक किया गया। थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस अध ाीक्षक के निर्देशानुसार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिससे लोग नशे से पीड़ित न हो और नशा करने से बचे और साइबर अपराध के बारे में भी जागरूक किया गया।



## सम्पादकीय

**अब सवाल है कि आप के राष्ट्रीय पार्टी बन जाने और तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी और सीपीआई के राष्ट्रीय पार्टी नहीं रह जाने के क्या बदल जाएगा? क्या आम आदमी पार्टी इन तीनों से बड़ी पार्टी हो जाएगी? तृणमूल के 215 से ज्यादा विधायक और दोनों सदनों में 30 से ज्यादा सांसद हैं। यह आप के विधायकों, सांसदों की संख्या से ...**

# केजरीवाल की राष्ट्रीय पार्टी



सवाल है कि आप के राष्ट्रीय पार्टी बन जाने और तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी और सीपीआई के राष्ट्रीय पार्टी नहीं रह जाने के क्या बदल जाएगा? क्या आम आदमी पार्टी इन तीनों से बड़ी पार्टी हो जाएगी? अरविंद केजरीवाल की एक तमन्ना पूरी हो गई। उनकी आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी हो गई है। इस देश में शायद ही कोई दूसरा नेता होगा, जिसने पार्टी बनाते ही उसको राष्ट्रीय बना देने का प्रयास शुरू कर दिया होगा। केजरीवाल ने 2011 में पार्टी बनाई थी और 2014 में पूरे देश में चुनाव लड़ गए थे। उन्होंने सवा चार सौ से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे और खुद नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लडने वाराणसी चले गए थे। उस चुनाव में उनको जो झटका लगा उससे उनकी रफ्तार थोड़ी कम हुई। लेकिन फिर 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिले प्रचंड बहुमत से उनकी महत्वाकांक्षाओं को बहुत बढ़ा दिया। वे हर राज्य में चुनाव लडने लगे ताकि जल्दी से जल्दी आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिले। पिछले साल के अंत में गुजरात विधानसभा चुनाव में करीब 13 फीसदी वोट हासिल करने के साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय पार्टी होने का मानदंड पूरा कर लिया। दिल्ली और पंजाब में उनकी सरकार है और गोवा में उनको सात फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। राष्ट्रीय पार्टी होने के कई मानदंडों में एक यह है कि चार राज्यों में छह फीसदी या उससे ज्यादा वोट मिले हों। सो, जैसे ही गुजरात में उनको 13 फीसदी वोट मिला उन्होंने चुनाव आयोग के सामने दावा पेश कर दिया। जब चुनाव आयोग ने फैसला करने में देरी की तो उनकी पार्टी ने कर्नाटक हाई कोर्ट में अपील कर दी कि चुनाव आयोग को जल्दी फैसला करने को कहा जाए। हाई कोर्ट ने आयोग को 13 अप्रैल की समय सीमा दी थी और उससे तीन दिन पहले आयोग ने 10 अप्रैल को आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा देने का ऐलान किया। साथ ही शरद पवार की एनसीपी, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और सीपीआई का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खत्म कर दिया। अब सवाल है कि आप के राष्ट्रीय पार्टी बन जाने और तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी और सीपीआई के राष्ट्रीय पार्टी नहीं रह जाने के क्या बदल जाएगा? क्या आम आदमी पार्टी इन तीनों से बड़ी पार्टी हो जाएगी? तृणमूल के 215 से ज्यादा विधायक और दोनों सदनों में 30 से ज्यादा सांसद हैं। यह आप के विधायकों, सांसदों की संख्या से बहुत ज्यादा है। सो, आप का राष्ट्रीय पार्टी बनना सिर्फ एक तकनीकी मामला है, जिससे आप को राजधानी दिल्ली में एक और कार्यालय की जगह मिल जाएगी और पूरे देश में झाडू चुनाव चिन्ह मिल जाएगा। पर मुश्किल यह है कि राष्ट्रीय पार्टी बनते ही केजरीवाल अपने को भाजपा और कांग्रेस दोनों का विकल्प मानने लगेंगे और ऐसी राजनीति करेंगे, जो अंततरू भाजपा से लडने की विपक्ष की साझा रणनीति को नुकसान पहुंचाएगी।

## ऋतु वर्णन के कुशल परखी हैं गोस्वामी तुलसीदास



मध्यकालीन कवियों की एक कुशल विशेषता यह भी है कि वे ऋतु वर्णन के कुशल पारखी और चितेरे हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी श्रीरामचरित मानस में छः ऋतुओं का बहुत सुंदर चित्रण किया है। वे लिखते हैं कि कीरति सरित छहूँ रितु रूरी। समय सुहावनि पावनि भूरी।। हिम सैल सुता सिव ब्याहू। सिसिर सुखद प्रभु जनम उछाहू।। अर्थात यह कीर्ति रूपिणी नदी छः ऋतुओं में सुंदर है। सभी समय यह परम सुहावनी और अत्यंत पवित्र है। इसमें शिव और माता पार्वती जी का विवाह हेमंत ऋतु है। भगवान श्रीरामचंद्र जी के जन्म का उत्सव सुखदायी शिशिर ऋतु है। आप यह देखिए कि गोस्वामी तुलसीदास जी बार बार श्री रामचरित मानस की उपमा प्राण दायिनी नदी से करते हैं। सचमुच ऐसा ही है कि जिस तरह से सभ्यताओं के विकास में नदियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ठीक उसी तरह भारत में मध्यकालीन जड़ता के युग से आधुनिक युग में वैज्ञानिक सोच को पुष्पित और पल्लवित करने का कार्य श्रीरामचरित मानस और उसके कवि महानायक तुलसीदास जी ने किया है। गोस्वामी जी लिखते हैं कि अवलोकनि बोलनि मिलनि प्रीति परसपर हास। भायप भलि चहु बंधु की जल माधुरी सुबास।। अर्थात चारों भाइयों का परस्पर देखना, बोलना, मिलना, एक दूसरे से प्रेम करना, हंसना और सुंदर भाईपन इस जल की मधुरता और सुगंध है। यही संदेश श्रीरामचरित मानस का है। आज जब संयुक्त परिवार की परिकल्पना विलुप्त होती जा रही है तब ऐसे में श्रीरामचरित मानस एक ऐसा प्रेरणादाई ग्रंथ है जिसमें संयुक्त परिवार का प्रेम दिखलाई पड़ता है। श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का आपसी प्रेम मर्यादित पारिवारिक आचरण का सुगंध है। भाइयों के बीच ऐसा सामंजस्य अविस्मरणीय है। पुनः गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि मति अनुहारि सुबारि गुन गन गनि मन अंहवाइ। सुमिरि भवानी संकरहि कह कबि कथा सुहाइ।। अर्थात अपनी बुद्धि के अनुसार इस सुंदर जल के गुणों को विचार कर , उसमें अपने मन को स्नान कराकर और श्री भवानी और शंकर भगवान को स्मरण करके कवि तुलसीदास सुंदर कथा कहते हैं। आप देखिए भगवान श्री राम के साथ भगवान शंकर के स्मरण को गोस्वामी तुलसीदास जी अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं।

लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का सन्देश

# राहुल के मुद्दों में उलझी भाजपा

**राहुल गांधी ने दूसरा सधा कदम कर्नाटक के दुग्ध केंद्र नंदिनी के स्टोर पर जाकर उठाया। पिछले कई दिनों से अमूल बनाम नंदिनी विवाद कर्नाटक में चल रहा था। नंदिनी के अमूल द्वारा अधिग्रहण की आशंकाओं के बीच माहौल में बाहरी बनाम स्थानीय का सवाल गहराता जा रहा था, इस बीच राहुल गांधी ने नंदिनी की आइसक्रीम खरीदकर ब्रांड कर्नाटक का गौरव बता दिया। यानी कांग्रेस ने अपना पक्ष ...**

कर्नाटक चुनाव में इस बार भाजपा के लिए कई तरह के संकट खड़े हुए हैं। सबसे बड़ा संकट तो सत्ता बचाने का है। इसके अलावा पार्टी में चल रही भगदड़, वरिष्ठ नेताओं, पूर्व मंत्रियों का कांग्रेस प्रवेश, आरक्षण, सांप्रदायिक मसलों को लेकर खड़े हुए विवाद भी चुनावी जीत की संभावनाओं को क्षीण कर रहे हैं। भाजपा की कोशिश हिंदू–मुस्लिम कार्ड खेलने की है, क्योंकि यह कार्ड हमेशा उसे फायदा दे जाता है। लेकिन इस बार राहुल गांधी ने कर्नाटक में चुनाव से ठीक पहले दो ऐसे मुद्दों को हवा दे दी, जिन पर भाजपा फंस सकती है। राहुल गांधी ने कर्नाटक से जातिगत जनगणना का कार्ड खेला है, जिस पर भाजपा बिहार और उत्तरप्रदेश में पहले ही फंसी हुई है और अब कर्नाटक से भी इसी मांग को राहुल गांधी ने उठा दिया है। 16 और 17 अप्रैल को राहुल गांधी दो दिन के कर्नाटक दौरे पर थे। वैसे तो उनका यह दौरा दो–तीन बार टला और तारीखें आगे बढ़ती रहीं। और जब–जब श्री गांधी के दौरे की अगली संभावित तारीख आती, तब–तब यह चर्चा उठती कि क्या कर्नाटक कांग्रेस में अंदरूनी कलह के कारण यह यात्रा टल रही है। मीडिया इस मुद्दे को तरह–तरह से बढ़ाता ताकि कांग्रेस के लिए माहौल खराब हो और भाजपा के पक्ष में बात बने। मगर फिर भी भाजपा अपनी फूट को रोक नहीं पाई। भाजपा को यह भी उम्मीद थी कि सांसदी गंवाने और मानहानि मामले में सजा के बाद राहुल गांधी थोड़े शांत हो जाएंगे। लेकिन राहुल गांधी अडानी मुद्दे पर सवाल उठाते रहे, पूछते रहे कि 20 हजार करोड़ किसके हैं और कर्नाटक के कोलार से सभा करके उन्होंने ऐसा दांव चल दिया, जिसका सामना करने के लिए भाजपा के रणनीतिकार शायद तैयार नहीं थे। गौरतलब है कि कोलार वही जगह है, जहां राहुल गांधी ने मोदी उपनाम को लेकर टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी को ही पूर्णेश मोदी ने मानहानि प्रकरण बनाया। कर्नाटक का मामला सूरत की अदालत में पेश हुआ और वहां से राहुल गांधी को अधिकतम सजा यानी 2 साल की कैद सुनाई गई। हालांकि इसके बाद उन्हें जमानत मिल गई और अब राहुल गांधी ने सजा के खिलाफ अपील की है, जिस पर फैसला आना अभी बाकी है। सजा के ऐलान के अगले ही दिन उनकी संसद सदस्यता रद्द हो गई और अब सरकारी बंगला भी छिन गया है। भाजपा संसद से राहुल गांधी को बाहर करने में सफल हो गई, लेकिन इसके बाद भी उसकी मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। राहुल गांधी अपने पुराने तेवर के साथ ही भाजपा के सामने ऐसे सवाल उठा रहे हैं, जिनके जवाब भाजपा के पास नहीं हैं। 16 अप्रैल को कोलार पहुंचे राहुल गांधी ने ओबीसी के हक का सवाल और जातिगत आधारित जनगणना की मांग मोदी सरकार के सामने रखी। कांग्रेस की श्जय भारतश चुनावी रैली में उन्होंने कहा कि संप्रग ने 2011 में जाति आधारित जनगणना की। इसमें सभी जातियों के आंकड़े हैं। प्रधानमंत्री जी, आप ओबीसी की बात करते हैं। उस डेटा को सार्वजनिक करें। देश को बताएं कि देश में कितने ओबीसी, दलित और आदिवासी हैं। आंकड़ों को सार्वजनिक करने की जरूरत को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर सभी को देश के विकास का हिस्सा बनना है तो प्रत्येक समुदाय की आबादी का पता लगाना जरूरी है। बता दें कि यूपीए सरकार ने 2011 में सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना (एसईसीसी) की थी। लेकिन इसके बाद ऐसी कोई पहल मौजूदा सरकार ने नहीं की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री श्री मोदी को एक पत्र लिखकर कहा है कि मैं एक बार फिर नवीनतम जाति जनगणना के लिए आधिकारिक रुप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मांग को रखने के लिए आपको ये पत्र लिख रहा हूं। मेरे सहयोगियों ने और मैंने पहले भी कई अवसरों पर संसद के दोनों सदनों में इस मांग को उठाया है। कई अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी इस मांग को रखा है। श्री खड़गे ने 2011 में एसईसीसी कराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि मई 2014 में आपकी सरकार आने के बाद कांग्रेस और अन्य सांसदों ने इसे जारी करने की मांग की, लेकिन कई कारणों से जातिगत आंकड़े प्रकाशित नहीं किए गए। जातिगत जनगणना की मांग पर भाजपा बिहार में पहले ही बुरी फंसी हुई है। अब कर्नाटक में कांग्रेस ने फिर इस मुद्दे को खड़ा किया है। कांग्रेस की इस पहल से जेडीयू, राजद और सपा जैसे दल भी खुश होंगे और विपक्षी एकता की संभावनाएं मजबूत होंगी। राहुल गांधी के लिए इस मसले का दोहरा महत्व है। एक ओर यह विपक्ष को एक करने की कोशिश है, दूसरी ओर उस ओबीसी समुदाय को साधना है, जिसके अपमान का आरोप राहुल गांधी पर उनके विरोधियों ने लगाया है। भाजपा उस अपमान की बात करती रही, जो राहुल गांधी ने किया ही नहीं और अब खुद श्री गांधी ने ओबीसी के आंकड़े जारी करने की मांग सरकार से कर के भाजपा को पसोपेश में डाल दिया है। अगर वह श्री गांधी की मांग को पूरा न करे तो ओबीसी विरोधी कहलाएगी और पूरा करे तो राहुल गांधी के आगे झुकी नजर आएगी। इससे जनता के बीच भाजपा की कमजोर छवि बनेगी। राहुल गांधी ने दूसरा सधा कदम कर्नाटक के दुग्ध केंद्र नंदिनी के स्टोर पर जाकर उठाया। पिछले कई दिनों से अमूल बनाम नंदिनी विवाद कर्नाटक में चल रहा था। नंदिनी के अमूल द्वारा अधिग्रहण की आशंकाओं के बीच माहौल में बाहरी बनाम स्थानीय का सवाल गहराता जा रहा था, इस बीच राहुल गांधी ने नंदिनी की आइसक्रीम खरीदकर ब्रांड कर्नाटक का गौरव बता दिया। यानी कांग्रेस ने अपना पक्ष साफ कर दिया कि वह कर्नाटक के लोगों के साथ है। इसका तगड़ा संदेश जनता के बीच जाएगा। कुल मिलाकर चुनावी वादों और घोषणाओं के अलावा राहुल गांधी ने दो ऐसे मुद्दों को अपने दौरे में उठाया है जो सीधे जनता तक पहुंचेंगे और इसमें मीडिया कुछ नहीं कर पाएगा।

**विपक्ष के सामने दूसरी मुश्किल यह होगी कि उसके पास बड़ा एजेंडा नहीं है। हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के भाजपा के एजेंडे के सामने विपक्ष के पास कोई बड़ा एजेंडा नहीं है। कुछ पार्टियां किसान का मुद्दा बना रही हैं लेकिन उसका असर एक सीमित इलाके में होगा। विपक्ष अगर राज्यवार गठबंधन बनाए और एक राष्ट्रीय एजेंडा तय करे तभी वह भाजपा को चुनौती देने में सक्षम होगा...**

# क्षेत्रीय पार्टियों की राष्ट्रीय चुनौती

अजीत द्विवेदी

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने के लिए कमर कस रही पार्टियों में से लगभग सभी पार्टियां क्षेत्रीय हैं। यह एक स्तर पर उनकी ताकत है तो दूसरे स्तर पर कमजोरी भी है। उनकी ताकत यह है कि लगभग सभी क्षेत्रीय पार्टियों के पास दमदार नेता हैं, जो 24 घंटे राजनीति करते हैं। सभी प्रादेशिक पार्टियों के पास एक मजबूत सामाजिक समीकरण यानी वोट का एक आधार है और अपने अपने राज्य में उनके पास अच्छा खासा सांगठनिक ढांचा है। अपने राज्य में राजनीति करने के लिए उनके पास एक स्पष्ट वैचारिक आधार भी है। यही कारण है कि ज्यादातर राज्यों में, जहां मजबूत क्षेत्रीय पार्टियां हैं वहां विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए हमेशा चुनौती होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमाम लोकप्रियता और प्रचार के बावजूद उन राज्यों में भाजपा बहुत सफल नहीं हो पाती है। इसके अपवाद भी हैं लेकिन अपवादों से ही नियम प्रमाणित होते हैं। अपने अपने राज्य में प्रादेशिक पार्टियों की ताकत प्रमाणित है लेकिन जब राष्ट्रीय चुनाव की बात आती है तो उनकी कमजोरी उजागर हो जाती है। उस समय मतदाता यह देखते हैं कि उन्होंने प्रदेश के चुनाव में जिस प्रादेशिक नेता को वोट दिया है क्या उसकी अखिल भारतीय पहचान है? क्या उसे देश के दूसरे हिस्सों में वोट मिलेंगे? क्या उसके पास कोई राष्ट्रीय दृष्टि या बड़ा एजेंडा है? क्या कोई प्रादेशिक नेता देश का प्रधानमंत्री बन सकता है और अगर बनता है तो उसके नेतृत्व में बनने वाली सरकार क्या राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करने वाली मजबूत सरकार होगी? इस विमर्श के बीच ही नरेंद्र मोदी प्राथमिक विकल्प के तौर पर उभरते हैं, जिनके बारे में यह धारणा बनी है या बनाई गई है कि वे मजबूत नेता हैं, उनकी कमान में देश को मजबूत और स्थिर सरकार मिली है, उनके नेतृत्व में देश विश्व गुरू बनने की ओर बढ़ रहा है और उनके पास हिंदुत्व से लेकर राष्ट्रवाद तक का बड़ा एजेंडा है। यह धारणा बड़ा फर्क पैदा कर देती है। इस बीच पिछले एक–डेढ़ दशक में देश के मतदाताओं ने राज्यों के और राष्ट्रीय चुनाव में अलग अलग वोट देना सीख लिया है। वे विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अलग अलग तरह से मतदान करते हैं। मतदाताओं के इस व्यवहार को कई राज्यों में देखा जा सकता है। लोकसभा चुनाव में देश में मजबूत सरकार के लिए भाजपा और नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट डालने वाले मतदाता विधानसभा चुनाव में प्रादेशिक पार्टियों को तरजीह देते हैं। हालांकि इस सिद्धांत पर बात करते हुए यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि राज्यों के चुनाव में भाजपा का वोट बहुत कम हो जाता है। उसके पास हर राज्य में एक निश्चित वोट है, जिसमें बहुत कम घट–बढ़ होती है। मिसाल के तौर पर पश्चिम बंगाल में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 40 फीसदी वोट मिले थे। वह वोट नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए था। इसके दो साल बाद हुए विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी को फिर से राज्य का मुख्यमंत्री बनाने के लिए मतदान हुआ तब भी भाजपा को 38 फीसदी वोट मिले। यानी बहुत स्थानीय स्तर पर मतदान होने के बावजूद भाजपा के वोट में कमी नहीं आई। कमोबेश यह स्थिति पूरे देश में है। लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट थोड़ा ज्यादा हो जाता है और विधानसभा चुनाव में कम होकर पारंपरिक आधार के बराबर आ जाता है।

इसके अलावा दक्षिण भारत की क्षेत्रीय पार्टियों को छोड़ दें लगभग पूरे देश में क्षेत्रीय पार्टियों के लिए लोकसभा चुनाव में विधानसभा चुनाव का अपना प्रदर्शन दोहराने में मुश्किल होती है। विधानसभा चुनाव में भाजपा को रोक देने वाली पार्टियां भी लोकसभा में उसे नहीं रोक पाती हैं। इस मामले में कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड भी क्षेत्रीय पार्टियों जैसा ही है। मिसाल के तौर पर 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़, तीनों राज्यों में बहुमत हासिल करने में कामयाब रही थी। छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस को तीन चौथाई से ज्यादा सीटें मिलीं। लेकिन लोकसभा चुनाव में राजस्थान व मध्य प्रदेश में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई और छत्तीसगढ़ में से भी 11 में से सिर्फ दो सीट जीत पाई। पश्चिम बंगाल, ओडिष्शा, झारखंड, दिल्ली, हरियाणा जैसे अनेक राज्यों में यह ट्रेंड देखने को मिला। इसका अर्थ यह है कि क्षेत्रीय पार्टियों के लिए अपने दम पर राष्ट्रीय चुनाव में भाजपा और नरेंद्र मोदी को चुनौती देना बहुत मुश्किल है। भाजपा को चुनौती देने का एकमात्र रास्ता यह है कि विपक्षी पार्टियां साथ आएं और जिस राज्य में जिस पार्टी का मजबूत आधार है या जो मुख्य पार्टी हो वह उस राज्य में गठबंधन का नेतृत्व करे। इस तरह का गठबंधन बनाना बहुत मुश्किल नहीं होगा क्योंकि जो मजबूत क्षेत्रीय पार्टियां हैं वे या तो अपने राज्य की सत्ता में हैं या मुख्य विपक्षी पार्टी हैं। डीएमके, बीआरएस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, राजद–जदयू और जेएमएम ये सभी अपने अपने प्रदेश में सरकार चला रहे हैं। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में और एनसीपी महाराष्ट्र में मुख्य विपक्षी पार्टी है। सो, स्वाभाविक रूप से ये पार्टियां अपने अपने राज्य में गठबंधन का नेतृत्व कर सकती हैं। इन पार्टियों के वर्चस्व वाले राज्यों में कांग्रेस को समझौता करना होगा और बदले में इन पार्टियों को कांग्रेस के असर वाले राज्यों में कांग्रेस का समर्थन करना होगा। इस तरह से गठबंधन बनाना बहुत मुश्किल नहीं होगी। कई क्षेत्रीय पार्टियां पहले से इसका ताना–बाना बुन रही हैं। इस तरह का गठबंधन बनाने और उससे नरेंद्र मोदी को चुनौती देने में विपक्ष के सामने दो मुश्किलें आएंगी। पहली मुश्किल अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी से है, जिसको हाल में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला है। केजरीवाल मान रहे हैं कि ईश्वर उनसे कुछ कराना चाहते हैं इसलिए चमत्कार की तरह उनकी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया है। ईश्वर की इच्छाय को साकार करने के लिए वे ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लडना चाहेंगे और तब कांग्रेस के साथ उनका टकराव होगा। हालांकि उनकी कमजोरी यह है कि विचारधारा के स्तर पर उनमें बहुत भटकाव है और देश के ज्यादातर राज्यों में संगठन नहीं है। विपक्ष के सामने दूसरी मुश्किल यह होगी कि उसके पास बड़ा एजेंडा नहीं है। हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के भाजपा के एजेंडे के सामने विपक्ष के पास कोई बड़ा एजेंडा नहीं है।

कुछ पार्टियां किसान का मुद्दा बना रही हैं लेकिन उसका असर एक सीमित इलाके में होगा। विपक्ष अगर राज्यवार गठबंधन बनाए और एक राष्ट्रीय एजेंडा तय करे तभी वह भाजपा को चुनौती देने में सक्षम होगा। हालांकि तब भी मोदी के मुकाबले कौन का यक्ष प्रश्न अनत्तरित रहेगा, जिसका चुनाव के समय मतदाताओं के दिमाग पर बड़ा असर होगा।




# राजस्थान रॉयल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा लखनऊ सुपरजाइंट्स को

जयपुर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अब तक उतार–चढ़ाव वाला प्रदर्शन करने वाली लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम को अगर जीत की राह पर लौटना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लखनऊ की टीम ने अभी तक तीन मैच जीते हैं जबकि दो मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसके पास प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन उसके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में लखनऊ की टीम बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी जिससे आखिर में वह 10 से 15 रन कम बना पाई।

कप्तान केएल राहुल ने 56 गेंदों पर 74 रन बनाकर फॉर्म ने वापसी की जो कि टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। उसके बल्लेबाजों को हालांकि बीच के ओवरों में रन बनाने पर ध्यान देना होगा। लखनऊ के पास काइल मार्यर्स, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस के रूप में अच्छे पावर हिटर हैं लेकिन उसके बल्लेबाज अच्छी साझेदारी नहीं निभा पा रहे हैं। इसके अलावा दीपक हुड्डा का रन नहीं बना पाना भी टीम के लिए चिंता का विषय है। पंजाब के खिलाफ लखनऊ में प्रतिभाशाली रवि बिश्नोई को देर से गेंद सौंपने की गलती की। बिश्नोई अपनी गुगली से बल्लेबाजों को गच्चा देने में माहिर हैं और कप्तान राहुल को डेथ ओवरों की बजाय बीच के ओवरों में उनका इस्तेमाल करना चाहिए। टीम के दो अन्य स्पिनर कृष्णप्पा गौतम और क्रुणाल पंड्या अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं।

मार्क वुड और आवेश खान के रुप में लखनऊ के पास अच्छे तेज गेंदबाज हैं। पंजाब के खिलाफ युद्धवीर सिंह चरक ने भी अपना प्रभाव छोड़ा। लखनऊ के लिए हालांकि राजस्थान से पार पाना आसान नहीं होगा जिसने लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज करके अंक तालिका में पहला स्थान हासिल किया है। राजस्थान के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है जिसमें यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर और संजू सैमसन ने टीम के शीर्ष क्रम में बहुत अच्छी भूमिका निभाई है। बटलर ने अभी तक टीम की तरफ से सर्वाधिक 204 रन बनाए हैं जबकि जायसवाल के नाम पर 136 रन दर्ज हैं।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में यह दोनों सलामी बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और ऐसे में कप्तान सैमसन और वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा कर टीम को जीत दिलाई थी। देवदत्त पडिक्कल ने भी आक्रामक पारी खेली लेकिन रियान पराग मौके का फायदा उठाने में नाकाम रहे। राजस्थान का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है जिसमें युजवेंद्र चहल, एडम जंपा और रविचंद्रन अश्विन जैसे दुनिया के नामी स्पिनर शामिल हैं। उसके पास ट्रेंट बौल्ट जैसा मारक तेज गेंदबाज है जबकि संदीप शर्मा अपने अनुभव का अच्छा उपयोग कर रहे हैं।

टीम इस प्रकार हैंरू लखनऊ सुपर जायंट्सरू केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पंड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव। राजस्थान रॉयल्सरू संजू सैमसन (कप्तान), अब्दुल बसिथ, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेड मैककॉय , देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम जम्पा। मैच का समयरू शाम 7:30 बजे।

# ड्रैगन के उड़ जाएंगे होश, आर–पार के मूड में है ताइवान, खरीदेगा 400 अमेरिकी एंटी–शिप मिसाइल



चीन और ताइवान में बीच तनाव हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता ही जा रहा है। ड्रैगन की ओर से सैटलाइट छोड़े जाने के कारण उत्तरी ताइपे में उड़ानों में देरी की खबर सामने आई। वहीं ताइवान मुद्दे पर चीन ने अमेरिका को धमकी दी है। अब ड्रैगन की हरकतों से परेशान ताइवान भी आर–पार के मूड में नजर आ रहा है। उसने अमेरिकी हथियारों को लेकर एक बड़ी डील की है। ताइवान 400 से अधिक अमेरिकी एंटी शिप हार्पून मिसाइलें खरीदेगा। ब्लूमबर्ग न्यूज ने एक व्यापार समूह के नेता और इस मुद्दे से परिचित लोगों के हवाले से बताया है कि ताइवान चीन से बढ़ते खतरे के मद्देनजर 400 से अधिक अमेरिकी भूमि–लॉन्च हार्पून मिसाइल खरीदेगा।

पेंटागन ने खरीदार का नाम लिए बिना 7 अप्रैल को 400 एंटी–शिप मिसाइलों के लिए 1. 17 बिलियन डॉलर के अनुबंध की घोषणा की और कहा कि उत्पादन मार्च 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है। पेंटागन ने सौदे पर सीधे टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ताइवान को पर्याप्त आत्मरक्षा क्षमता बनाए रखने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक रक्षा उपकरण और सेवाएं उपलब्ध कराता रहेगा। 2020 में ताइवान ने कहा था कि उसने अपने सैन्य आधुनिकीकरण के प्रयासों के तहत भूमि–आधारित बोइंग–निर्मित हार्पून एंटी–शिप मिसाइल खरीदने की योजना बनाई है। समाचार रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर, ताइवान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुन ली–फांग ने एक नियमित मीडिया सम्मेलन में कहा कि मंत्रालय ने पहले खरीद के बारे में जानकारी का खुलासा ये कहते हुए किया था कि यह ष्आश्वस्तष् था कि सौदा तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगा।

# दुश्मनी भुला नई शुरुआत करते दुनिया के दो शिया–सुन्नी देश

## ईरान ने सऊदी के शाह से की ये गुजारिश



करीब सात साल बाद दुनिया के दो सबसे बड़े शिया और सुन्नी देश अपनी दुश्मनी को भुलाकर औपचारिक रिश्तों की नई शुरुआत कर रहे हैं। पिछले महीने चीन द्वारा मध्यस्थता के बाद रियाद द्वारा अपने राजनयिक मिशनों को फिर से खोलने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए ईरानी प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब भी पहुंचा था। अब ईरान ने आधिकारिक तौर पर सऊदी अरब के किंग को देश का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया है। इससे पहले सऊदी अरब के किंग ईरान के राष्ट्रपति को रियाद की यात्रा के लिए आमंत्रित कर चुके हैं। राजनयिक मिशनों को खोलने की प्रक्रिया में जुटे दोनों देश : सऊदी अरब और ईरान अपनी–अपनी राजधानी और अन्य शहरों में राजनयिक मिशन को फिर से खोलने पर सहमत हो गए। ईरान की अर्ध–सरकारी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। ईरानी प्रतिनिधिमंडल ईरानी दूतावास का दौरा करने और दोनों देशों के बीच हालिया समझौते के अनुसार वाणिज्य दूतावास को फिर से खोलने के लिए रियाद पहुंचा। लंबे समय से मध्य पूर्व के प्रतिद्वंद्वियों ने अब एक साथ काम करने का संकल्प लिया है। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी को सऊदी किंग सलमान द्वारा रियाद में आमंत्रित किया गया है। सऊदी अरब और ईरान का समझौताः चीन ने हाल में सऊदी अरब और ईरान के बीच वार्ता की मेजबानी करके वैश्विक मामलों में और बड़ी भूमिका निभाने की मंशा का संकेत दिया है। ईरान और सऊदी अरब सात साल के तनाव के बाद राजनयिक संबंध बहाल करने और दूतावासों को फिर से खोलने पर सहमत हो गए। पिछले महीने बीजिंग में हुआ यह समझौता चीन के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि खाड़ी देशों का मानना है कि अमेरिका धीरे–धीरे मध्य पूर्व से पीछे हट रहा है।

# कोहली पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना

बेंगलुरू। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज



विराट कोहली पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। चेन्नई में सोमवार को खेले गए इस मैच में आठ रन से जीत दर्ज की थी। आईपीएल के बयान में कहा गया कि कोहली ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत नियमों का उल्लंघन किया है। बयान में हालांकि विस्तार से नहीं बताया गया है कि कोहली पर किस घटना के लिए जुर्माना लगाया गया है। कोहली ने चेन्नई सुपर किंग्स के मध्यक्रम के बल्लेबाज शिवम दुबे के आउट होने पर अति उत्साह में जश्न मनाया था और संभवतरू इसे आचार संहिता का उल्लंघन माना गया। दुबे ने 27 गेंदों पर 52 रन बनाए थे जिससे चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 226 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। आईपीएल ने बयान में कहा, '' रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।'' इसमें कहा गया है,'' कोहली ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है।

# अतीक को जिंदा करेगा पाकिस्तान, गैंगस्टर की हत्या पर बीबीसी, रॉयटर्स और विदेशी मीडिया ने चलाया ये विशेष अभियान



उत्तर प्रदेश 44 सालों तक जिस अतीक अहमद की दहशत में जीता रहा। उस दहशत को योगी सरकार ने केवल 51 दिनों में खत्म कर दिया। अतीक के खिलाफ 100 नामजद एफआईआर थीं और वह 54 मुकदमों का सामना कर रहा था। खूंखार गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की मौत के एक दिन बाद विदेशी मीडिया ने अपना प्रोपगेंडा शुरू कर दिया है। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) और रॉयटर्स ने अतीक को क्रमशः श्रॉबिन–हुडश और श्लॉ मेकरश कहकर संबोधित किया है। अहमद और उसके भाई को लवलेश तिवारी, अरुण कुमार मौर्य और मोहित सिंह उर्फ घ्ष्शनि सहित तीन लोगों के एक समूह ने गोली मार दी थी। उसे उत्तर प्रदेश पुलिस ने वकील उमेश पाल की हत्या की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया था। अतीक अहमद के लिए आंसू बहा रहे लोगों को अब पाकिस्तान और भारत को कोसने वाली विदेशी मीडिया का साथ मिल गया है। पाकिस्तान ने तो ठान लिया है कि भले ही अतीक अहमद दफ्न हो चुका हो लेकिन वो उसे मरने नहीं देगा। विदेशी मीडिया ने अतीक अहमद की मौत पर बड़ा ही खतरनाक खेल शुरू कर दिया है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने अपनी हेडलाइन में लिखा है कि लाइव टीवी पर पूर्व सांसद की हत्या हो गई। इस अखबार की मक्कारी देखई कि उसने अतीक अहमद के सारे अपराधों को दरकिनार कर दिया। एक अन्य पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने एक कदम आगे बढ़ते हुए अतीक अहमद के कत्ल को एक मुस्लिम का कत्ल करार देने की कोशिश की है। इस अखबार ने कई ऐसी चीजें लिखी है जिसे आप मुसलमानों को हिंनदुओं के खिलाफ भड़काने की साजिश बोल सकते हैं। इसके अलावा विदेशी मीडिया भी अतीक अहमद हत्याकांड में मक्कारी दिखाने में पीछे नहीं हटी। ब्रिटेन से चलने वाली रॉयटर्स न्यूज एजेंसी तो भारत विरोधी एजेंडा चलाने में वैसे भी सबसे आगे रहती है। रॉयटर्स ने अपनी स्टोरी में कानून की धज्जियां उड़ाने वाले अतीक अहमद को फॉर्मर लॉ मेकर कहकरर संबोधित किया है। मुस्लिम देश कतर का मीडिया ग्रुप अलजजीरा भी अतीक अहमद को विक्टिम बता रहा है। एक ट्वीट प्रोपेगैंडा न्यूज कंपनी बीबीसी की एक पत्रकार गीता पांडे द्वारा किया गया था। बीबीसी पर प्रकाशित अपनी रिपोर्ट का हवाला देते हुए गीता ने लिखा, ष्अतीक अहमद रॉबिन हुड था, डॉ जेकेल और हाइड टाइप कैरेक्टर। जिसने गरीब लोगों की मदद की, शादियों और स्कूल की वर्दी के लिए पैसे दिए। ईद के दौरान पैसे दिए।


# लिवरपूल ने लीड्स को 6–1 से करारी शिकस्त दी

लीड्स। लिवरपूल ने लीड्स को 6–1 से करारी शिकस्त देकर



इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में पिछले पांच मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज की। लिवरपूल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 7–0 से करारी शिकस्त देने के बाद पिछले छह सप्ताह में प्रीमियर लीग में कोई मैच नहीं जीता था। कोडी जोकपा ने लिवरपूल की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद मोहम्मद सालाह और डिएगो जोटा ने दो–दो गोल दागे। स्थानापन्न खिलाड़ी डार्विन नुनेज ने टीम की तरफ से छठा और अंतिम गोल किया। लिवरपूल ने चार गोल दूसरे हाफ में किए। लीड्स के लिए एकमात्र गोल दूसरे हाफ के शुरू में लुइस सिनिस्टररा ने किया। लिवरपूल के इस जीत से 31 मैचों में 47 अंक हो गए हैं और वाह आठवें स्थान पर बना हुआ है। लीड्स 16वें स्थान पर है। उसके 31 मैचों में 29 अंक हैं।

# जिओ वर्ल्ड ड्राइव में खुला भारत का पहला एप्पल रिटेल स्टोर, CEO Tim Cook ने किया उद्घाटन



एप्पल कंपनी को भारत में बिजनेस करते हुए 25 साल पूरे हो गए है। इसी मौके पर कंपनी के सीईओ टिम कुक ने मंगलवार को भारत में एप्पल के पहले रिटेल स्टोर श्एप्पल बीकेसी का उद्घाटन किया। टिम कुक ने 18 अप्रैल की सुबह 11 बजे एप्पल रिटेल स्टोर के दरवाजे ग्राहकों के लिए खोले और उनका स्वागत किया। इस दौरान की कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो में, टिम स्टोर के दरवाजे खोलकर बाहर निकलते हुए स्टोर में ग्राहकों का स्वागत करते दिख रहे है। उन्होंने तीन मिनट में लगभग दो दर्जन के करीब ग्राहकों का स्वागत किया। इतना ही नहीं टिम ने ग्राहकों के साथ सेल्फी भी खिचवाई। बता दें, एप्पल ने लगभग दो हफ्ते पहले भारत में अपना स्टोर खोलने की घोषणा की थी। कंपनी की घोषणा के बाद से एप्पल के चाहनेवाले इसके स्टोर के उद्घाटन को लेकर काफी उत्साहित थे।

जिओ मॉल में खुला एपल का पहला रिटेल स्टोरः सीईओ टिम कुक ने भारत के जिस पहले एपल रिटेल स्टोर का उद्घाटन किया है, उसे जिओ वर्ल्ड ड्राइव मॉल में खोला गया है। एपल बीकेसी स्टोर जिओ वर्ल्ड ड्राइव में 20,000 वर्गफुट में फैला हुआ है। स्टोर की बिल्डिंग पूरी कांच से बनी हुई है और इसकी छत लकड़ी की बनी है। जानकारी के लिए बता दें, कंपनी मुंबई के बाद नयी दिल्ली के साकेत में 20 अप्रैल को अपना दूसरा रिटेल स्टोर खोलने जा रही है।

रिटेल स्टोर के उद्घाटन से पहले टिम ने मुंबई में खाया वड़ा पाव

एपल के सीईओ टिम कुक मंगलवार को रिटेल स्टोर के उद्घाटन से एक दिन पहले भारत आ गए थे। भारत पहुंचते ही उन्होंने मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर एंटिला जाकर आकाश अंबानी से मुलाकात की। टिम ने अंबानी परिवार के पसंदीदा भोजनालय में अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के साथ वड़ा पाव का लुफ्त भी उठाया। इस दौरान की एक तस्वीर अभिनेत्री ने अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर की, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा श्मुंबई में वड़ा पाव से बेहतर स्वागत नहीं हो सकताश। माधुरी की इस तस्वीर पर कुक ने अपनी प्रतिक्रिया भी दी। उन्होंने लिखा, श्धन्यवाद माधुरी दीक्षित, मुझे पहली बार वड़ापाव खिलाने के लिए। ये स्वादिष्ट था।श माधुरी के अलावा भी टिम ने बॉलीवुड की कई जानी–मानी हस्तियों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिचवाई।

# ग्लोबल लीडर बनने की फिराक में जिनपिंग, अब चीन कराएगा इजरायल और फिलिस्तीन में दोस्ती



चीन ने सऊदी अरब और ईरान के बीच वार्ता की मेजबानी करके वैश्विक मामलों में और बड़ी भूमिका निभाने की मंशा का संकेत तो पहले ही दे दिया था। अब अमेरिका की जगह लेने की छटपटाहट लिए चीन एक और बड़े संघर्ष वाले मुद्दे को सुलझाने के प्रयास की ओर कदम बढ़ाता नजर आ रहा है। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच का विवाद दशकों पुराना है। अब चीनी विदेश मंत्री किन गैंग ने फिलिस्तीन और इजराइल के अपने समकक्षों से कहा है कि ईरान और सऊदी अरब को कई वर्षों के बाद संबंधों को फिर से एक साथ लाने में अपनी भूमिका के बाद बीजिंग उनके बीच शांति वार्ता के लिए तैयार है। विदेश मंत्री किन ने फिलिस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल–मलिकी और उनके इस्राइली समकक्ष एली कोहेन के साथ अलग–अलग फोन कॉल पर बात की है। इस दौरान उन्होंने शांति वार्ता फिर से शुरू करने के कदम को लेकर भी चर्चा की है। आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार किन ने कहा है कि चीन इजरायल और फिलिस्तीन दोनों को राजनीतिक साहस दिखाने और शांति वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है और चीन इसके लिए मध्यस्थत बनने को भी तैयार है।

किन ने कोहेन से कहा कि सभी पक्षों को शांति और संयम बनाए रखना चाहिए और अत्यधिक और उत्तेजक शब्दों और कार्यों को रोकना चाहिए। मूल तरीका शांति वार्ता को फिर से शुरू करना और टू नेशन सॉल्यूशन पर ध्यान देना चाहिए। किन ने मलिकी से कहा कि चीन मध्य पूर्वी देशों की रणनीतिक स्वायत्तता का समर्थन करता है और वो मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता में योगदान जारी रखने को तैयार है।

# लार थाने का हिस्ट्रशीटर था बृजेश सिंह

लार/भागलपुर। मईल थाना क्षेत्र के तुर्तीपार हाल्ट रेलवे स्टेशन के परिसर में मिले शव की पहचान लार नगर के बौली वार्ड निवासी बृजेश सिंह पुत्र मृत्युंजय सिंह के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड में वह लार थाने का हिस्ट्रीशीटर था। उसके खिलाफ कई अभियोग पंजीकृत है। पुलिस और एसओजी टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसकी हत्या इतने निर्मम तरीके से क्यों और किसने की।

भटनी– वाराणसी रेल खंड पर स्थित तुर्तीपार हाल्ट रेलवे स्टेशन पर टिकट बुकिंग का काम एक प्राइवेट कर्मचारी करता है। रोज की तरह अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचा तो टिकट घर के पीछे एक शव दिखा। जिसके सिर, चेहरे और गुप्तांग पर गंभीर चोट के निशान थे। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना के बाद एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी राजेश सोनकर, सीओ अंशुमन श्रीवास्तव सहित फोरेंसिक टीम और डाग स्क्वायड की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। इसके बाद से पुलिस शव की शिनाख्त करने में जुट गई। काफी प्रयास के बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी तस्वीर वायरल की गई। वाट्सएप ग्रुप में फोटो देख . देर रात परिजन मईल थाना पहुंचे। उसकी पहचान बृजेश सिंह के रूप में हुई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। उधर दूसरे दिन भी पुलिस घटना की जांच में जुटी रही। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है।

अपराध में संलिप्त होने लगा तो नहीं हो पाई शादीः बृजेश सिंह तकरीबन नब्बे के दशक में ही अपराध करने लगा। इसके बाद से पुलिस उसे अक्सर ढूंढती थी। कई बार पुलिस घर तक पहुंची। इससे घर वाले परेशान हो गए। एक के बाद एक उस पर कई गंभीर केस दर्ज हो गए। इसके बाद पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर की कार्रवाई की। जिसके बाद से वह अक्सर घर से गायब रहता था। अपराध से नाता होने की वजह से उसकी शादी के लिए कोई रिश्ता भी नहीं आया।

शराब का आदि हो गया था बृजेशः बृजेश बढ़ती उम्र के चलते शरीर से कमजोर हो गया था। वह अक्सर शराब के नशे में होकर घूमता रहता था। कुछ वर्ष पहले गिरने से उसके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। जिसका इलाज हुआ। ठीक होने के बाद वह फिर गायब हो गया था।

इतनी निर्मम तरीके से क्यों हुई हत्या जानने में जुटी पुलिसः बृजेश का शव तुर्तीपार रेलवे स्टेशन के टिकट घर के पीछे मिला। उसके आसपास खून के छींटे थे। पुलिस के मुताबिक सिर, चेहरा, गुप्तांग पर कुल नौ चोट मिली है। प्रथम दृष्टया जांच यह हो रही है कि आखिर उसने ऐसा क्या किया था कि इतनी निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। इसके अलावा अन्य कई बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। हालांकि कुछ बताने से पुलिस वाले कतरा रहे हैं।

परिजनों के समझाने पर भी नहीं माना था बृजेशः लार के बौली वार्ड निवासी स्व.मृत्युंजय सिंह ने दो शादियां की है। एक पत्नी से संतोष सिंह, श्रवण सिंह और बृजेश सिंह हैं। दूसरे से विक्रम सिंह व मस्तराम सिंह हैं। परिजनों के मुताबिक बृजेश पहले शांत स्वभाव का था। अचानक नब्बे की दशक में उसका अपराध से नाता हो गया। इस पर उसे बहुत समझाने की कोशिश की गई, ताकि वह सुधर जाए। बावजूद वह नहीं माना। हार थक कर परिजनों से उसे उसके हाल पर ही छोड़ दिया।

पुलिस रख रही थी निगरानीः पुलिस के मुताबिक बृजेश पर हिस्ट्रीशीटर की कार्रवाई हुई थी। साथ ही अन्य थानों में भी उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं। लार नगर चौकी इंचार्ज अश्वनी सिंह ने बताया कि वह काफी समय से गायब चल रहा था। पुलिस उस पर निगरानी रखती थी।

बलिया गांव में पुलिस ने मारा छापाः मामले को लेकर . शाम पुलिस व एसओजी टीम ने बलिया गांव में छापा मारा। माना जा रहा है कि गांव से ही इस मामले का कुछ न कुछ नाता जरूर है। उधर गांव में पुलिस के आने से बलिया गांव के ग्रामीण सशंकित रहे।

## प्राथमिक विद्यालयों में आग बुझाने के नहीं हैं पुख्ता इंतजाम, अधिकारी भी हैं लापरवाह

देवरिया। जनपद के 2120 परिषदीय सहित समाज कल्याण, मदरसा, इंटर कॉलेज, बेसिक के अनुदानित विद्यालयों को मिलाकर कुल 2379 विद्यालयों में वर्तमान में एमडीएम योजना संचालित की जा रही है। लेकिन किसी भी विद्यालय में अचानक आग लगने पर इसे बुझाने के पुख्ता इंतजाम तक नहीं हैं। जिम्मेदार समग्र शिक्षा अभियान पर इसकी जिम्मेदारी डाल खुद को इससे अलग कर देते हैं। सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़े और स्कूल आने वाले कोई बच्चा भूखा न रहे, इस उद्देश्य से मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की ओर से विद्यार्थियों को पका हुआ भोजन मैन्यू के अनुसार उपलब्ध कराया जाता है। इन विद्यालयों में अभी 2.25 लाख विद्यार्थी पंजीकृत हैं। भोजन तैयार करने के लिए रसोई गैस सिलेंडर सहित बर्तन भी विद्यालयों को सरकार की ओर से उपलब्ध कराया जाता है। आलम यह है कि अधिकांश विद्यालयों में अग्निमशन यंत्र तक नहीं लगे हैं। अचानक कोई घटना होने पर अधिकारियों अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने में ही ज्यादा रुचि दिखाते हैं।

## गोरा-बरहज के 14 और भलुअनी के लिए नौ पर्चे दाखिल

बरहज। नगर निकाय चुनाव में पर्चा दाखिला के आखिरी दिन तहसील परिसर में नगरपालिका गौरा–बरहज अध्यक्ष पद के लिए 14, जबकि भलुअनी नगर पचांयत अध्यक्ष के लिए नौ पर्चे दाखिल किए गए। तहसील परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा। वहीं सुरक्षा इंतजाम को लेकर चाक–चौबंद व्यवस्था किया गया था। तहसील परिसर में सुबह से ही प्रत्याशियों और समर्थकों की भीड़ रही। जो क्रम तीन बजे तक चलता रहा। बरहज पालिका अध्यक्ष सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से अमरेंद्र गुप्त, कांग्रेस से राधारमण पांडेय, सपा से अनूप मद्धेशिया, आप पार्टी से माया देवी, बसपा से श्वेता जायसवाल, तारा देवी पत्नी पूर्व चेयरमैन अजीत जायसवाल, अंजू देवी पत्नी अनूप मद्धेशिया,, श्रीप्रकाश पाल, श्याम जायसवाल, गोपाल निषाद, निर्मला देवी, पूर्व चेयरमैन शंकर सोनकर, शबनम, तारा देवी पत्नी जगदीश निर्दल सहित 14, वहीं भलुअनी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए से भाजपा से जितेंद्र सागर, सपा से देवेश उर्फ राकेश, बसपा से मीना देवी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से भोला, धर्मेंद्र, मुन्ना, राकेश, रामआशीष प्रसाद, हरिबंद सहित नौ लोगों ने पर्चा दाखिल किया। गौरा–बरहज के 25 वार्ड के लिए 166 और भलुअनी में 82 ने वार्ड सदस्य पद के लिए पर्चा दाखिल किया। एसडीएम योगेश कुमार, तहसीलदार अश्वनी कुमार, नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह, रवींद्र मौर्य, सीओ अंशुमन श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर कपिल देव चौधरी और जितेंद्र कुमार सहित अन्य चुनाव कर्मी मुस्तैद रहे।

## अपात्रों को लाभ देने में 11 प्रधानों को कारण बताओ नोटिस जारी

महराजगंज। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में अपात्रों को लाभ देने व पात्रों का नाम काटने की शिकायत पर कराई गई जांच में प्रधानों की भूमिका ठीक न पाए जाने पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जिले के 11 ग्राम प्रधानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने सभी से 15 दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में ग्राम प्रधानों की ओर से मनमानी किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी को प्राप्त हो रही थी। इसके क्रम में विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों से जांच कराई गई। इसमें 11 ग्रामों में प्रधानों की भूमिका ठीक नहीं मिली। ऐसे में लक्ष्मीपुर के सोंधी के प्रधान अरुण कुमार, बरगदवां विशुनपुर के प्रधान रवीश, राजमंदिर खुर्द के प्रधान बजरंगी जायसवाल, भोतहा के प्रधान राजेश, जंगल गुल्हरिया की प्रधान प्रमिला व सिसवा तौफीर की प्रधान रेनू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार सदर के बांसपार बेजौली के प्रधान विजय कुमार, मिठौरा के पिपरिया गुरु गोविंदराय की प्रधान अंकिता, बृजमनगंज के बेलौही के प्रधान सनोज कुमार, निचलौल के बकुलडीहा के प्रधान ननकू व नौतनवां के लुठहवा की प्रधान पूजा देवी से भी स्पष्टीकरण जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए कहा है। दो सफाईकर्मी हुए निलंबितः दायित्वों के प्रति शिथिलता बरतने वाले दो सफाईकर्मियों को जिला पंचायत राज अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। सफाईकर्मी संबंधित ब्लॉक कार्यालय से संबद्ध रहेंगे व उनके मामले की जांच सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी करेंगे। मिठौरा के नरायनपुर गांव के सफाईकर्मी महेंद्र प्रसाद व सिसवा के शिकारपुर के सफाईकर्मी उमाशंकर वर्मा पर आरोप है कि वे गांव में निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर सफाई कार्य नहीं करते हैं। शिकायत सही पाए जाने पर उन्हें निलंबित किया गया।

## पुलिस ने 146 बोरा तस्करी का गेहूं किया बरामद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

महराजगंज। भारत नेपाल सीमा पर चल रहे अवैध तस्करी , अवैध



खाद्यान समाग्री के रोकथाम को लेकर पुलिस टीम द्वारा सख्त होने के वावजूद भी अवैध रूप से तस्करी थमने का नाम नही ले रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के द्वारा भारत नेपाल सीमा पर चल रहे अवैध तस्करी ध्मादक पदार्थो हेतु अभियान के दिए निर्देशो के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज आतिश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नौतनवा अजय चौहान के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष परसामलिक प्रशांत कुमार पाठक के नेतृत्व में दिन मंगलवार समय 2रू30 पर अवैध तस्करी रोकथाम को लेकर परसामलिक पुलिस टीम द्वारा गस्त के दौरान ग्राम सेवतरी बाजार से कुल 146 बोरा भारतीय गेहूं को बरामद कर लिया गया। जिसमे अंतर्गत धारा 111 कस्टम एक्ट में दाखिल किया गया। जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय निचलौल रवाना कि जाएगी। बरामदगी करने वाली टीम परसामलिक थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक, उपनिरीक्षक सूरज कुमार, हेड कांस्टेबल रणविजय यादव, कांस्टेबल सुजीत कुमार निर्मल, कांस्टेबल विकास कुमार, कांस्टेबल रामगनेश चौहान, जयराम शुक्ला पुलिस टीम मौजूद रही।

## विद्यालय के किचन में लगी आग

### सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बुझाई आग

गौरी बाजार। क्षेत्र के परिषदीय जूनियर हाईस्कूल मठिया साहू के रसोई घर में मध्याह्न भोजन के दौरान गैस सिलिंडर में आग लग गई। इससे विद्यालय में अफरा–तफरी मच गई। बच्चे चिल्लाने लगे। सूचना मिलने पर जिला मुख्यालय से 27 मिनट में मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इस दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। गनीमत रही कि आग समय रहते बुझा ली गई, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। स्कूल खुलने पर रोज की तरह यहां की रसोइया धूपा, बेबी, माधुरी विद्यार्थियों के लिए भोजन पका रही थीं। इसी बीच अचानक सिलिंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैलने लगी। रसोई घर से भागते समय रसोइया धूपा की साड़ी में आग लग गई। तत्परता दिखाते हुए जान की परवाह न करते हुए दूसरी रसोइयों ने साड़ी में लगी आग को किसी तरह बुझा दिया। इसी समय भागते समय एक रसोइया गिर भी पड़ी, जिसमें उसे मामूली चोट भी आई है। कक्षा भवन से अलग हटकर बने किचन से आग निकलते देखकर विद्यालय के तीन कक्षाओं में पढ़ रहे विद्यार्थी चिल्लाने लगे, ऐसे में शिक्षकों ने सजगता दिखाते हुए उन्हें बैग सहित बाहर निकाला। इसके बाद शिक्षक भी विद्यालय परिसर से निकलकर कुछ दूरी पर आकर खड़े हो गए। इस आशय की सूचना शिक्षक गंगतेश्वर सिंह ने थानाध्यक्ष और फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इस बीच किचन में रखा हुआ बर्तन सहित कुछ सामान एवं प्रवेश द्वार पर लगा दरवाजा जल गया। गनीमत यह रहा कि गैस सिलिंडर में विस्फोट नहीं हुआ। मौके पर एसओ नवीन कुमार सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। नामांकित हैं 98 विद्यार्थी और सात शिक्षकः विद्यालय में वर्तमान में 98 बच्चे नामांकित हैं। घटना के समय कुल 72 विद्यालय परिसर में मौजूद थे, साथ ही शिक्षामित्र व अनुदेशक को मिलाकर सात शिक्षक भी रहे। यह गनीमत ही रही कि बड़ी घटना होने से बच गई। प्रधानाध्यापक बृजनारायण सिंह ने बताया कि उनके विद्यालय में अग्निशमन यंत्र लगा है लेकिन घटना इतनी तेजी से घटी कि किसी का ध्यान उसकी ओर नहीं गया। आग लगने की सूचना बीईओ को दे दी गई है।

## बस की चपेट में आने से युवक की मौत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

आनंदनगर/महराजगंज। फरेंदा कस्बे के पूर्वी बाईपास के ओवर ब्रिज



पर मंगलवार की सुबह रोडवेज बस ने एक छात्र को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस बस को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। बताते चले कि फरेंदा कस्बे के फुलवरिया निवासी विनोद विश्वकर्मा का पुत्र नीरज विश्वकर्मा स्नातक अंतिम वर्ष का परीक्षा देने भैया फरेंदा के अमृत लाल महाविद्यालय जा रहा था। गांव से जैसे ही निकल कर वह ओवर ब्रिज पर चढ़ा सोनौली की तरफ से गोरखपुर जा रही रोडवेज बस ने उसे रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रोडवेज बस डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित हो गई। अपनी दिशा से जा रहे छात्र को चपेट में ले लिया। घटना की सूचना पर गांव के सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। छात्र की मृत्यु से स्वजन का रो–रो कर बुरा हाल हो गया । थानाध्यक्ष फरेंदा सत्येंद्र कुमार राय ने कहा कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## आग लगने से किशोर समेत चार लोग झुलसे

निचलौल। क्षेत्र के महेशपुर कबेलवा गांव के टोला तुलसीपुर में झोपड़ी में आग लगने से एक किशोर समेत चार लोग झुलस गए। ग्रामीणों की मदद से सभी सभी लोगों को आनन–फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया गया। जहां पर एक युवती की हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य तीन का इलाज चल रहा है। आग की भयावह लपटों को देखकर ग्रामीणों में घंटों अफरा–तफरी मची रही।

जानकारी के मुताबिक, मधवलिया जंगल में आग लगी थी। तेज हवाओं के साथ जंगल के किनारे तक पहुंची। जंगल के किनारे लगी बांस की कोठी कर जलने लगी। जंगल से सटे लोग आग की भयावह लपटों को देखकर जब तक कुछ करते। इसी बीच बांस की कोठी से चिंगारी निकलकर झोपड़ी पर गिर गई। झोपड़ी जलते देखकर परिजन लोगों की मदद से नकदी और सामान निकालने का प्रयास करने लगे।

इसी बीच निशा सहानी (20) चंदा देवी (32) आशीष सहानी (16) और अनारी देवी (45) लपटों की चपेट में आ गए। इस दौरान चारों झुलस गए। इसमें में निशा की हालत गंभीर बनी हुई है। तहसीलदार वाचस्पति सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। आग पर काबू पा लिया गया है। मौके पर राजस्व विभाग की टीम को भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर जल्द सहायता की जाएगी।

मई में होने वाली है निशा की शादीः पीड़ित रमाकांत ने ईश्वर को कोसते हुए कहा कि बिटिया निशा की मई में शादी होने वाली थी। इसकी तैयारी के लिए सामान की खरीदारी कर रख रहे थे। जंगल से उठी आग की लपटों ने जहां सब कुछ जलाकर राख कर दिया। वहीं, आग से झुलसने से बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है। पंपिंगसेट से आग पर पाया काबूः ग्रामीणों ने कहा कि आग लगने के बाद लोगों में चीख–पुकार मच गई थी। क्योंकि, भयावह लपटें तेज हवाओं के साथ घनी आबादी की ओर आ रही थीं। आबादी से सटे या आसपास कोई तालाब भी नहीं है। ऐसे में अग्निशमन वाहन भी मौके पर नहीं पहुंच सरा। पांच पंपिंगसेट की मदद से करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

## एसबीटी पब्लिक स्कूल में 92.7 एफ एम आर जे अनुराग द्वारा लिटिल चौंप्स का हुआ प्रमोशन

### बच्चों का सर्वांगीण विकास करना ही हमारा उद्देश्य : चेयरमैन एनएन त्रिपाठी







दैनिक बुद्ध का सन्देश

गौरी बाजार, देवरिया। गौरी बाजार क्षेत्र के एस बी टी पब्लिक स्कूल बिशनपुरा, बखरा में 92.7 बिग एफ एम रेडियो मंत्रा द्वारा लिटिल चौंप्स का प्रमोशन किया गया। गोरखपुर से 92.7 बिग एफ एम की तरफ से आए आर जे अनुराग ने बच्चों की प्रस्तुति देखी और सुनी तथा अपने चौनल पर इस प्रोग्राम का प्रमोशन करते हुए 10 दिन बाद ग्रैंड फिनाले यानी ओपन चौलेंज के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी । इस प्रमोशन में विद्यालय के लगभग 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया । शेष बच्चों को ओपन चौलेंज में मौका दिया जाएगा। आर जे अनुराग ने एस बी टी विद्यालय के बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को देखकर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि वास्तव में इस ग्रामीण अंचल में भी बच्चों के अंदर बहुत प्रतिभा छिपी है। मौका मिलने पर निश्चित ही ये बच्चे अपने साथ–साथ विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। मैं इस विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। विद्यालय के चेयरमैन श्री एम एन त्रिपाठी ने इस कार्यक्रम पर रेडियो मंत्रा 92.7 बिग एफ एम से आए आर जे अनुराग का आभार प्रकट किया तथा बच्चों के लिए भविष्य में इस तरह के और भी कार्यक्रम कराने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय,उप प्रधानाचार्य एस पी बिंद, मुख्य समन्वयक अंबरीश त्रिपाठी,प्रशासक अबू दानिश व शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## सेवतरी नाके के रास्ते लाखो रुपयो की हर रोज हो रही तस्करी, लोगों में चर्चा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र का सीमावर्ती गाव सेवतरी इनदिनों तस्करी का हब बन गया है। जो थाना क्षेत्र के सबसे चर्चित रेहरा नाके को





भी इनदिनों फेल कर दिया है। जिसके रास्ते रात हो या दिन बिना किसी रोकथाम के सेवतरी नाके से इनदिनों हर वस्तु की जमकर हो रही है। तस्करी वही सीमा पर तैनात सभी सुरक्षा एजेंसियां मूकदर्शक बनी हुई है। बताते चले की सीमावर्ती क्षेत्रों मे हो रही तस्करी की सूचना लोगो द्वारा उच्च अधिकारियों से करने के बाद सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियां एव स्थानीय पुलिस सीमावर्ती क्षेत्रों मे जाकर हो रही तस्करी की कुछ सामान बरामद कर उसे कस्टम कर वाहवाही लूट लेती है। लेकिन हकीकत तो यह है की सीमावर्ती क्षेत्रों मे हो रही तस्करी पर कोई फर्क नही पडता है। इस सन्दर्भ मे क्षेत्राधिकारी नौतनवां अजय सिह चौहान ने बताया कि सेवतरी नाके से इनदिनों तस्करी की सूचनाएं आ रही है। जल्द ही छापेमारी की कार्यवाही किया जायेगा।

# जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने मंगलवार को राबर्ट्सगंज स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय का आकस्मिक औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था बेहतर तरीके से सुनिश्चित करायी जाये, इस दौरान उन्होंने बनाये जा रहे दिव्यांग प्रमाण–पत्र की स्थिति का जायजा लिया साथ ही दिव्यांग प्रमाण–पत्र के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि दिव्यांग प्रमाण–पत्र हेतु आने वाले व्यक्तियों का प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांग प्रमाण–पत्र निर्गत कराया जाये और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये, दिव्यांग प्रमाण–पत्र निर्गत करने में किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, इस दौरान उन्होंने एम्बुलेंस के संचालन प्रक्रिया का जायजा लिया और कहा कि एम्बुलेंस सम्बन्धित क्षेत्रों में निर्धारित समयानुसार बीमार व्यक्तियों को ले आने के लिए तत्पर रहें, इसकी मानीटरिंग बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाये, इस दौरान उन्होंने मलेरिया कक्ष का भी निरीक्षण किया और विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की, इस दौरान उन्होंने डॉक्टर व कर्मचारियों के उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के पास स्थित स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया, स्टोर रूम के निरीक्षण के दौरान परिसर में बाहरी वाहन खड़े हुये पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सुनिश्चित किया जाये कि अनाधिकृत तरीके से बाहरी व्यक्तियों के वाहन कदापि खड़े न होने पायें, स्टोर रूम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डी0एम0एफ0 फण्ड से क्रय की गयी सामग्री के सम्बन्ध में सम्बन्धित स्टोर प्रभारी से जानकारी प्राप्त की, क्रय की गयी सामग्री में इन्फ्यूशन पम्प विथ स्टैण्ड, डेन्टल एक्सरे मशीन डायग्नोस्टिक डेन्टल किट, एपेक्स लोकेटर सहित अन्य क्रय की गयी सामग्रियों के सम्बन्ध में जानकारी ली और डी0सी0 मनरेगा श्री रमेश यादव को निर्देशित करते हुए कहा कि डी0एम0एफ0 फण्ड से क्रय की गयी सामग्रियों का मिलान कराते हुए उसके गुणवत्ता व मूल्य का भी आकलन करते हुए आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्रय की गयी चादर को देखा, तो चादर की गुणवत्ता ठीक नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त चादर को वापस कर अच्छी क्वालिटी के चादर को क्रय किया जाये, इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन सेन्टर का भी निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि टीकाकरण हेतु जो भी वैक्सीन प्राप्त हुई है, उसे निर्धारित समय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों पहुंचाना सुनिश्चित किये जाये और बच्चों के जन्म के समय जो टीकाकरण होना है, वह टीकाकरण समय से नवजात शिशुओं का किया जाये। टीकाकरण के प्रगति की जानकारी में यह तथ्य संज्ञान में आया कि हेपटाईटस बी के टीकाकरण की रफ्तार धीमी है, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि हेपटाईटिस बी सहित अन्य टीकाकरण भी समय से नवजात शिशुओं का कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य भी संज्ञान में आया कि होमियोपैथिक दवाएं काफी मात्रा में स्टोर रूम पर रखी पायी गयी और इसी प्रकार से स्टोर रूम में फ्रिज भी काफी संख्या में रखे हुए पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी और प्रभारी स्टोर श्री महेन्द्र दूबे को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी दवाएं व फ्रीज स्टोर रूम में अधिक मात्रा में पड़े हुए हैं, उसे यथा शीघ्र सम्बन्धित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाये अन्यथा की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, एक सप्ताह के बाद मेरे द्वारा पुनः स्टोर रूम का निरीक्षण किया जायेगा। इस मौके पर डी0सी0 मनरेगा रमेश यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।



## पत्रकार की जमकर पिटाई गंभीर धाराओं में फंसाने की धमकी दी तहरीर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

इटियाथोक गोंडा।महिला कानून का दुरुपयोग करते हुए किराएदारनी ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर मकान मालिक को मारा पीटा है पूरा मामला गोंडा जनपद के थाना इटियाथोक से जुड़ा हुआ है वही इटियाथोक गांव में पवन कुमार दुबे के मकान में एक महिला किराए पर रहती है जिसका नाम चांदनी बताया गया है मकान को ना खाली करने के उद्देश्य से किराएदारनी ने मकान मालिक पवन कुमार दुबे के ऊपर कुछ दिन पूर्व छेड़खानी जैसे मामले में फर्जी तरीके से इटियाथोक थाने में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया था मंगलवार को पवन कुमार द्विवेदी अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि मैं एक जरूरी काम से ग्राम पंचायत सेक्रेटरी से मिलने ब्लॉक पर गया था में ग्राम पंचायत सेक्रेटरी से बात ही कर रहा था कि इतने में किराएदारनी व अपने सहयोगी आकाश श्रीवास्तव के साथ ब्लॉक में पहुंचकर मुझे लात मुका थप्पड़ मारा–पीटा और जान से मार डालने की धमकी देते हुए तमाम फर्जी मुकदमे में फसाने की बात कही पीड़ित पवन कुमार द्विवेदी किसी तरह से जान बचाई अगर इसी तरह इन महिलाओं का इसी तरह से महिला कानून का दुरुपयोग होता रहा तो आम जनमानस का जीना दुश्वार हो जाएगा पीड़ित पवन कुमार द्विवेदी ने स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है

## चुनाव में कई दिग्गजों ने लगाए दांव कांटे की टक्कर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला/बलरामपुर। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद चुनाव में कई दिग्गजों ने लगाए दांव कांटे की टक्कर।पुराने चेयर



मैन अनूप चन्द गुप्त की पत्नी सविता गुप्ता ने भरे भाजपा से पर्चा तो सपा ने नए चेहरे हिना कौशर पर लगाया दांव।जनपद के उतरौला नगर निकाय चुनाव बड़े ही रोमांचक मूड़ में देखा जा सकता है। इस चुनाव में किसका पलड़ा भारी होगा यह अभी से अंदाजा लगाना बड़ा ही कठिन है।

बहरहाल उतरौला में रोमांचक चुनाव होने की उम्मीद की जा सकती है। बसपा से राजा भारती तो कांग्रेस पार्टी से मंजूर कुरैशी ने चुनाव में दांव लगाया है।सपा नेता एजाज मलिक व रब्बू सिद्दीकी ने निर्दलीय पर्चा भरा है।

## शिव पूजन मौर्य सेन्ट्रल अकादमी में बतौर मुख्य अतिथि डॉ विवेक मिश्र ने दिए सुझाव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला गोरखपुर। बीते कुछ दिनों में देश के कई हिस्सों में



चिकनपॉक्स यानी चेचक की बीमारी के कई मामले सामने आए हैं। आइए जानते हैं चिकनपॉक्स के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में सबकुछः गर्मियां अपने साथ ढेर सारे इंफेक्शन और बीमारियां लेकर आती हैं। जैसे–जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे–वैसे कई तरह की बीमारियां फिर से अपना फन उठा रही हैं। बीते कुछ दिनों में देश के कई हिस्सों में चिकनपॉक्स यानी चेचक की बीमारी के कई मामले सामने आए हैं। चिकनपॉक्स (चेचक की बीमारी) ने कई बच्चों को अपनी गिरफ्त में ले लिया। चिकनपॉक्स एक संक्रामक बीमारी है और अगर सही समय पर इसके लक्षण पहचान कर इलाज करवा लिया जाए तो इससे बचा जा सकता है। आप अपने बच्चों को चिकनपॉक्स से बचा सकते हैं, बस इसके लिए कुछ बातों को ध्यान रखें। इसके लछण= सर दर्द, तेज बुखार, खासी, सर दर्द, उल्टी होना ऐसे लक्षण पाए जाते है, इससे बचाव में। होम्योपैथी दवाइयां बहुत कारगर है, चिकन पॉक्स से निजात दिलाने के लिए कई तरह की होम्योपैथी दवाइयां मौजूद हैं। इसमें वेरीयूलिनम, मेलेनड्रिनम, रसटॉक्स, एंचिमटार्ट व ऑर्सेनिक एलबी आदि हैं। इस कार्यक्रम में डायरेक्टर राम प्रकाश मौर्या, प्रधानाचार्य श्री रवि प्रकाश व अन्य शिक्षकगण उमाशंकर, अमित, अंजलि, आरती, सुनीता, शिल्पा, सीमा, रोशनी, रुचि दुबे, नेहा, सच्चिदानंद, कृष्णानंद सौरभ उपस्थित रहे।

## प्यासें पक्षियों को राहत देगा एक सकोरा:जेके जायसवाल

### पक्षियों को दाना पानी देने के लिए बांटे मिट्टी के सकोरे

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला गोरखपुर। गर्मी का



विकराल रूप देखने को मिलने लगा है। ऐसे में जब आमजन को परेशानी हो रही है तो बेजुबान पक्षियों की क्या दशा होगी।लोगों के लिए तो विभिन्न स्थानों पर प्याऊ व नल के साथ–साथ अन्य व्यवस्था भी रहती है, लेकिन पक्षियों को पानी पीने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए तहसील क्षेत्र के बीएसएन ग्लोबल स्कूल शाहपुर के द्वारा मंगलवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के निदेशक जे.के. जायसवाल के द्वारा इस बढ़ती गर्मी में पक्षियों के लिए दाना पानी रखने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। साथ ही पक्षियों को बचाने के लिए गर्मी में पक्षियों को दाना पानी हेतु मिट्टी के सकोरे बांटे। उन्होंने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि सभी पक्षियों के लिए दाना–पानी की उचित व्यवस्था करें, ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पक्षियों को राहत मिल सके। ऐसे में हम सभी को इन बेजुबान पक्षियों का सहारा बनना चाहिए। और अपने घरों की छतों पर बेजुबान पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे ( मिट्टी के बर्तन) में ठंडा पानी रखना चाहिए। इन्हें घरों की छत या फिर आंगन में रखें और हर दिन दाना पानी भी डालें।गर्मी के दिनों में भूख प्यास से भटकते पक्षियों के लिए थोड़ा सा दाना पानी रखकर हम पक्षियों को बड़ी राहत दे सकते हैं। इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह के साथ पक्षियों को बचाने और उनके लिए प्रतिदिन दाना और पानी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दीपक सिंह, चन्द्रकला मौर्य, चंद्रमति यादव, कुसुम, सामरा, अंकिता, शालिनी, सुमन, प्रतिभा, आदि मौजूद रहे।

## चोरों ने एक ही रात दो घरों से लाखों की नकदी व कीमती जेवरात उड़ाए

दैनिक बुद्ध का सन्देश

इटियाथोक, गोण्डा। इटियाथोक थाना क्षेत्र के अलग–अलग गांवों में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो घरों को अपना निशाना बनाया है। चोर यहां से हजारों की नगदी व लाखों के जेवरात चुरा ले गए। पीड़ितों ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने व घटना का अतिशीघ्र खुलासा करने की मांग की है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के गोसेंद्रपुर कोल्हुआ गांव निवासी राजेश तिवारी ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर छत के सहारे घर में घुस आए और कमरे में रखें बक्सों का ताला तोड़कर चालीस हजार नगदी समेत लाखों के गहने चुराकर फरार हो गए। चोरों ने इसी रात अयाह पंचायत के मजरा भड़जोतिया में चोरी बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस के रात्रि गश्त पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। पीड़िता शाहजहां ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर सहन दरवाजे की कुंडी काटकर कमरे में घुस आए और बक्से का ताला तोड़कर एक लाख सत्तर हजार रुपए नगद व सोने चांदी के कीमती जेवरात उठा ले गए। रात्रि 2रू00 बजे के करीब आंख खुली तो घटना की जानकारी हुई।जिसकी सूचना डायल 112 पुलिस को देने साथ ही स्थानीय थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़िता के मुताबिक आगामी 6 मई को लड़की की शादी होनी थी मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान की खरीदारी हेतु घर में एक लाख सत्तर हजार रुपए नगद व लड़की को देने के लिए बनवाए गए जेवर रखे हुए थे। जिसको बीती रात अज्ञात चोरों ने चुराकर शादी की खुशियों को मायूसी में तब्दील कर दिया। फिलहाल गोसेंद्रपुर व भड़जोतिया में हुई चोरी की बड़ी वारदात से आसपास गांव के लोग काफी डरे व सहमे हुए हैं। अज्ञात चोर एक के बाद एक चोरी की वारदात को अंजाम देकर लोगों में डर का माहौल पैदा कर रहे हैं।

## नगर पालिका परिषद उतरौला में कभी भी बसपा, कांग्रेस व निर्दलीय पर भरोसा नहीं जताया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला/बलरामपुर। नगर पालिका परिषद उतरौला के चुनाव में मतदाताओं ने कभी भी बसपा, कांग्रेस व निर्दलीय पर भरोसा नहीं जताया। मतदाताओं ने राष्ट्रीय दल भाजपा व सपा प्रत्याशियों पर भरोसा करके कभी भाजपा प्रत्याशी को अध्यक्ष बनाया कभी सपा प्रत्याशी को अध्यक्ष बनाया। मतदाताओं ने बसपा, कांग्रेस व अन्य किसी राष्ट्रीय दल के प्रत्याशी को अध्यक्ष नहीं बनाया। नगर पालिका परिषद उतरौला में वर्तमान समय में 28,653 मतदाता हैं जिनमें मुस्लिम मतदाताओं के मतदाता 15092 व हिन्दू मतदाता 13561 है। इस तरह इस बार मुस्लिम मतदाताओं की हिन्दू मतदाताओं से लगभग डेढ़ गुना मतदाता होने से वर्तमान चुनाव में मुस्लिम मतदाता अपनी निर्णायक भूमिका अदा करेंगे। नगर पालिका परिषद उतरौला घोषित होने पर पहले निर्वाचित अध्यक्ष विश्वनाथ गुप्ता भाजपा व उसके बाद अमर नाथ गुप्ता भाजपा से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उसके बाद सपा ने भाजपा से सीट छीनकर श्रीमती अफसर जहां और उसके बाद श्रीमती रोशन जहां निर्वाचित हुई। उसके बाद भाजपा के अनूप चन्द्र गुप्ता ने उनसे सीट छीनकर अध्यक्ष बने।

उसके बाद पिछले चुनाव में सपा के मोहम्मद इदरीस खां ने भाजपा के अनूप चन्द्र गुप्ता को 287 मतों से हराकर भाजपा से सीट छीन ली। लेकिन उनकी कार्यकाल के दौरान मृत्यु हो गई।

इस तरह नगर पालिका परिषद उतरौला के अध्यक्ष पद पर भाजपा तीन बार और सपा के तीन बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। इस बार भी भाजपा व सपा के बीच सीधी टक्कर होने से भाजपा ने उतरौला नपाप अध्यक्ष के लिए जहां पुराने चेयर मैन अनूप चन्द गुप्त की पत्नी श्रीमती सविता गुप्ता पर भरोसा जताया है वहीं समाजवादी पार्टी ने नया चेहरा डा०हिना कौशर पर दांव लगाया है।

बसपा , कांग्रेस व कुछ निर्दलीय चुनाव मैदान में आकर अपना भाग्य आजमा रहे हैं। लेकिन अब गेंद जनता की पाले में है अब देखना है उन्हें रिझाने में कौन उम्मीदवार सफल होता है।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# परफ्यूम लगाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, दिनभर महक रहेगी बरकरार



खुशबूदार परफ्यूम न केवल आपको अच्छी महक देता है, बल्कि यह आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। इसे लगाने के बाद आप दिनभर तरोताजा महसूस कर पाते हैं। हालांकि, कई लोगों को परफ्यूम लगाने का सही तरीका नहीं मालूम है, जिसके कारण इसकी खुशबू लंबे समय तक नहीं रह पाती। आइए आज हम आपको परफ्यूम लगाने के सही तरीके बताते हैं।

परफ्यूम लगाने से पहले त्वचा को मॉइस्चराइज करना है जरूरी

ज्यादातर लोग अपनी कलाइयों पर परफ्यूम लगाकर उन्हें आपस में रगड़ लेते हैं। हालांकि, ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे परफ्यूम की खुशबू फीकी हो जाती है। दरअसल, रगड़ने से फ्रिक्शन होता है, जो इत्र को गर्म करके इसकी खुशबू को बदल देता है। इस कारण सबसे पहले अपनी त्वचा को हल्के और बिना सुगंध वाले बॉडी लोशन से मॉइस्चराइज करें और फिर लंबे समय तक चलने वाली खुशबू के लिए त्वचा पर परफ्यूम छिड़कें।

इन जगहों पर परफ्यूम स्प्रे करें

शरीर के किसी भी हिस्से पर परफ्यूम छिड़कने के बजाय पल्स पॉइंट्स पर ध्यान केंद्रित करें क्योंकि ये क्षेत्र शरीर के गर्म हिस्से होते हैं, जो अतिरिक्त गर्मी बाहर निकालने में मदद करते हैं। इससे स्वाभाविक रूप से पूरे शरीर में खुशबू बनी रहती है। पल्स पॉइंट्स कोहनी के अंदर का हिस्सा, कान के पीछे, घुटनों के पीछे, पेट के नीचे और कलाई के अंदर वाले क्षेत्र हैं। घर पर खुशबूदार परफ्यूम बनाने के लिए ये तरीके अपनाएं।

नहाने के बाद परफ्यूम का इस्तेमाल करें

परफ्यूम की खुशबू को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए नहाने के तुरंत बाद परफ्यूम को स्प्रे करना चाहिए न कि घर से बाहर जाते समय। दरअसल, नहाने के बाद आपकी त्वचा मॉइस्चराइज्ड और खुले रोमछिद्रों से गर्म होती है, जिसके कारण परफ्यूम की खुशबू अवशोषित हो जाती है। हालांकि, नहाने के बाद परफ्यूम लगाने से पहले तौलिये से अपनी त्वचा को अच्छे से साफ और सूखा जरूर कर लें।

बालों पर भी परफ्यूम करें स्प्रे

पल्स पॉइंट्स के अलावा आपके बाल भी परफ्यूम की खुशबू को अच्छी तरह से लंबे समय तक बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए आप अपने बालों के बीच में या आखिर में बिना अल्कोहल वाला परफ्यूम स्प्रे कर सकते हैं। हालांकि, किसी भी नुकसान से बचने के लिए परफ्यूम को सीधे अपने बालों पर स्प्रे करने के बजाय हेयरब्रश पर स्प्रे करके इस्तेमाल करें।

कपड़ों पर भी लगाएं परफ्यूम

परफ्यूम की खुशबू को पूरे दिन बरकरार रखने के लिए इसे अपने कपड़ों पर भी लगाना याद रखें। हालांकि, दाग से बचने के लिए परफ्यूम को रेशमी कपड़ों पर स्प्रे करने से बचें। कपड़ों पर परफ्यूम की महक त्वचा की तुलना में अलग हो सकती है और देर तक बनी रहती है। इसके अलावा अगर आप डॉयरेक्ट कपड़ों पर स्प्रे नहीं करना चाहते हैं तो हवा में परफ्यूम स्प्रे करें और फिर उसी के आसपास कपड़े को लहराएं।

## डेनिम बूट्स, लॉन्ग रिवीलिंग कुर्ती पहनकर पूजा हेगड़े ने फ्लॉन्ट किया टोंड फिगर

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े इन दिनों अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान के प्रमोशन में बिजी हैं। एक्ट्रेस अपनी इस



फिल्म के प्रमोशन से दौरान बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहन रही हैं जहां उनका हॉट लुक देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी रिवीलिंग आउटफिट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस पूजा हेगड़े साउथ इंडस्ट्री के साथ–साथ बॉलीवुड में भी इन दिनों धमाल मचा रही हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड इंडस्ट्री में लोगों के बीच अपनी खास पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अपनी अपकमिंग फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर सोशल मीडिया पर काफी लाइमलाइट बटोर रही हैं। बता दें कि इन दिनों पूजा हेगड़े अपनी आने वाली फिल्म के प्रमोशन में काफी व्यस्त हैं और सलमान खान के साथ एक्ट्रेस की ये पहली फिल्म है। पूजा हेगड़े का प्रमोशन के दौरान बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट में किलर अवतार देखने को मिल रहा है जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस का हर लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। वो कुछ भी पहने लोग उन्हें हमेशा फॉलो करते हैं। इन तस्वीरों में पूजा हेगड़े ने ग्रे कलर का शिमरी कुर्ती पहना हुआ है जिसमें वो काफी सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। पूजा हेगड़े सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके चाहने वाले उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।






## सैफ अली खान ने ठुकराया जूनियर एनटीआर की फिल्म एनटीआर 30 का प्रस्ताव



जब से जूनियर एनटीआर की फिल्म एनटीआर 30 की घोषणा हुई है, तब से यह फिल्म लगातार चर्चा में है। इस फिल्म के जरिए जाह्नवी कपूर अपना तेलुगू डेब्यू करेंगी और इसकी शूटिंग हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। बीते दिनों ऐसी चर्चाएं थीं कि निर्माताओं ने अभिनेता सैफ अली खान को एनटीआर 30 में खलनायक की भूमिका के लिए साइन कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।

कोराताला शिवा के निर्देशन में तैयार हो रही यह फिल्म 5 अप्रैल, 2024 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जो तेलुगु समेत तमिल, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी। गौरतलब है कि एनटीआर 30 को वर्ष की बहुप्रतीक्षित परियोजना के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, अभी तक एनटीआर की 30वीं फिल्म के नाम का खुलासा नहीं हुआ है। दूसरी ओर, एनटीआर 30 के 2 पोस्टर सामने आ चुके हैं।

रिपोर्ट्स की मानें तो मूवी में रोल कमजोर होने की वजह से एक्टर ने अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। हालांकि, जिसको लेकर किसी भी प्रकार का आधिकारिक बयान अब तक सामने नहीं आया है। बता दें कि एनटीआर 30 में तीन विलेन दिखाई देने वाले है। विजय सेतुपति और चियान विक्रम इस मूवी में नकारात्मक भूमिका निभाते हुए दिखाई देने वाले है।

निर्देशक कोराताला शिवा यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं कि एनटीआर 30 सबसे बड़ी और बेहतरीन फिल्म हो। बीते एक वर्ष से वह इस प्रोजेक्ट पर जमकर मेहनत करने में लगे हुए है। मूवी को संगीत से सजाने की जिम्मेदारी अनिरुद्ध रविचंदर के कंधों पर है। इसे 5 अप्रैल 2024 को रिलीज करने की तैयारी है। गौरतलब है कि जूनियर एनटीआर को इससे पहले एसएस राजमौली की मूवी आरआरआर में आखिरी बार देखा गया था। हाल ही में मूवी के गाने नाटू–नाटू ने ऑस्कर जीतकर पूरी दुनिया में देश का नाम रौशन कर दिया था।

## ओटीटी सीरीज डांसिंग ऑन द ग्रेव शकीरा खलीली मर्डर केस की कहानी करेगी बयां

आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज डांसिंग ऑन द ग्रेव रियल एस्टेट डेवलपर शकीरा खलीली की हत्या के रहस्य से पर्दा उठाएगी।




सत्य घटना पर आधारित क्राइम सीरीज मैसूर राजघराने के पूर्व दीवान की पोती शकीरा खलीली के अचानक गायब होने और हत्या की पड़ताल करती है। हत्या उसके अपने पति ने की थी। उसने उसके अवशेषों को अपने ही घर में दफन कर दिया था और कानून को अपने बयानों से करीब तीन साल तक गुमराह करके रखा। मई 1994 में, कर्नाटक की पुलिस ने शकीरा के शरीर के अवशेषों को उसके अपने घर से बरामद किया। रिकॉर्ड्स में कहा गया है कि जब उसे दफनाया गया था तब वह जीवित थी क्योंकि उसके हाथ ताबूत के गद्दे को जकड़े हुए पाए गए थे, जिसमें उसे दफनाया गया था। चार–भाग वाली डॉक्यूमेंट्री सीरीज घटनाओं में प्रमुख कर्मियों के साथ–साथ कुछ लोगों के खास इंटरव्यू के माध्यम से रहस्यमय हत्या की जांच करती है। इंडिया टुडे ओरिजिनल प्रोडक्शन द्वारा निर्मित, पेट्रिक ग्राहम द्वारा लिखित और निर्देशित, और कनिष्क सिंह देव द्वारा सह–लिखित डांसिंग ऑन द ग्रेव का प्रीमियर भारत में 21 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर होगा।

# सेहत के बारे में बहुत कुछ बताती है आंखें, इन 5 संकेतों को न करें नजरअंदाज



आंखें बाहरी दुनिया के दृश्यों को दिखाने के अलावा और सेहत के बारे में भी बहुत कुछ बताती हैं। ये अपनी स्थितियों के जरिए हमारे समग्र स्वास्थ्य का हाल बता सकती हैं। आपकी आंखें मधुमेह से लेकर कोरोना वायरस जैसी महामारी तक विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती चेतावनी संकेत दे सकती हैं। आइए आज हम आपको बताते हैं कि आंखें किन–किन स्वास्थ्य जोखिमों की ओर इशारा करती हैं। आंखों में खुजलीः एक बार फिर से हर दिन कोरोना वायरस के मामलों में इजाफा हो रहा है और यह बहुत परेशानी पैदा कर रहा है। इसके बुखार, थकान और खांसी जैसे सामान्य लक्षणों से तो हर कोई वाकिफ है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह महामारी आंखों में खुजली भी उत्पन्न करती है। नए कोविड वैरिएंट एक्सबीबी 1.16, जिसे आर्कटुरस के नाम से भी जाना जाता है, इसका मुख्य लक्षण भी आंखों में खुजली होना ही है।

धुंधली नजरेंः धुंधली नजरें मधुमेह का संकेत दे सकती है। यह एक बीमारी है, जो रक्त में शर्करा के उच्च स्तर के कारण होती है। अनियंत्रित मधुमेह से डायबिटिक रेटिनोपैथी हो सकती है, जिससे आंखों में छोटी रक्त वाहिकाएं रक्त और तरल पदार्थ का रिसाव करती हैं। इसके परिणामस्वरूप धुंधली नजरें और रात में देखने में कठिनाई होती है। अगर आप मधुमेह को लेकर चिंतित हैं तो इन पांच योगासनों को आजमाकर उसे नियंत्रित करने में सफल हो सकते हैं।

कॉर्निया के चारों ओर गोला बननाः कॉर्नियल आर्कस एक ऐसी स्थिति है, जिसमें कॉर्निया के बाहरी किनारे पर वसा जमा होकर एक ग्रे–सफेद रेखा बनती है। कुछ मामलों में डिपॉजिट एक पूरा घेरा बना सकता है और आंखों का रंग भी बदल सकता है। हालांकि, यह स्थिति आमतौर पर वृद्ध व्यक्तियों में दिखती है। इसी तरह 40 वर्ष से कम उम्र के लोगों को भी यह पता होना चाहिए कि यह खतरनाक रूप से उच्च कोलेस्ट्रॉल (हृदय रोग) का संकेत हो सकता है।

उभरी हुई आंखेंः उभरी हुई आंखें ग्रेव्स रोग का संकेत दे सकती हैं। यह एक ऐसी स्थिति जिसके परिणामस्वरूप थायराइड हार्मोन का अधिक उत्पादन होता है। इसके अन्य लक्षणों में चीजें को दोहरा दिखाई देना, नजरें कमजोर होना, हाथ कांपना, वजन घटना और दस्त शामिल हैं। हालांकि, दवा और सर्जरी जैसे इलाज हार्मोन उत्पादन को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। आंखों की समस्या को हल्के में न लें क्योंकि ग्रेव्स घातक भी साबित हो सकता है।

झुकी हुई पलकेंः झुकी हुई पलकें मायस्थेनिया ग्रेविस का संकेत दे सकती हैं। यह एक आटोइम्यून बीमारी है, जो शरीर की मांसपेशियों को कमजोर करती है। मायस्थेनिया ग्रेविस मुख्य रूप से आंख, चेहरे और गले की मांसपेशियों को प्रभावित करती है। इसके कारण बोलने, चबाने या कुछ भी निगलने में काफी मुश्किल होती है। इस बीमारी के लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए कई दवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन कुछ रोगियों को थाइमस ग्रंथि हटाने की सर्जरी की आवश्यकता भी हो सकती है।